संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -320 शनिवार ,23 सितम्बर 2023, पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

**संसद में चली गालियां...**

# अभद्र शब्द पर चौतरफा घिरे बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी

## वीडियो में हंसते दिख रहे हर्षवर्धन-रविशंकर की सफाई आई

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।**
लोकसभा में बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी के विवादित बयान के बाद हंगामा मचा हुआ है. जहां विपक्ष लगातार सत्ता पक्ष पर हमलावर हो रहा है, वहीं बीजेपी की ओर से भी सफाई दी जा रही है. साथ ही बीजेपी ने बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है कि आखिर उनके खिलाफ पार्टी कार्यवाही क्यों नहीं करे? जब बिधूड़ी संसद में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे, तब रविशंकर और हर्षवर्धन हंसते हुए दिखाई थे. ऐसे में दोनों नेता भी घिर गए. अब हर्षवर्धन और रविशंकर ने इस मामले में सफाई दी है. इस मामले में रमेश बिधूड़ी का बयान भी सामने आ गया है,उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता. मामला संसद के अंदर हुआ. मैं उन चीजों पर चर्चा नहीं कर सकता जो संसद के अंदर हुई हैं।
भले ही पार्टी ने बिधूड़ी को कारण बताओ नोटिस जारी किया हो, लेकिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश,




सपा नेता अखिलेश यादव, बसपा सुप्रीमो मायावती, दानिश अल्वी, लालू यादव, आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने बिधूड़ी और बीजेपी पर निशाना साधा है. वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल और इमरान प्रतापगढ़ी के साथ दानिश अली के आवास पर पहुंचे।
रमेश बिधूड़ी संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर बोल रहे थे. तभी बीएसपी सांसद दानिश अली ने टिप्पणी की. इस पर रमेश बिधूड़ी इतना भड़क गए कि शब्दों की न्यूनतम मर्यादा तक भूल गए. दानिश अली को सदन के भीतर ही भला-बुरा कहने लगे.अपने बयान पर बिधूड़ी चारों ओर से घिर गए हैं।

**जयराम रमेश का बीजेपी पर हमला**

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि दो पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री रविशंकर प्रसाद और डॉ. हर्षवर्धन कल लोकसभा में अपनी पार्टी के सहयोगी रमेश बिधूड़ी द्वारा दिए गए नफरत भरे भाषण पर बेशर्मी से प्रसन्न हुए. वे भी उतने ही निंदा के पात्र हैं, जितने बिधूड़ी. उन्होंने कहा कि मोदी-शाह के नेतृत्व में भाजपा भाजपा का यह शर्मनाक स्तर गिर गया है।

**पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा ऐसी भाषा का इस्तेमालःलालू यादव**

लालू प्रसाद यादव ने बिधूड़ी की भाषा की आलोचना करते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने देश की समृद्ध संसदीय परंपराओं के विरुद्ध ऐसी विकृत सामाजिक राजनीतिक संस्कृति को जन्म दिया है . जिसमें इनकी एक सांसद राष्ट्रपिता गांधी जी के हत्यारे आतंकवादी का महिमा मंडन करती है. पीएम के इशारे पर एक बीजेपी सांसद पार्लियामेंट के अंदर विपक्ष के एक सांसद के लिए जिस अमर्यादित, असंसदीय और तुच्छ भाषा का प्रयोग कर रहा है वह घोर आपत्तिजनक, निंदनीय एवं लोकतंत्र व समाज के लिए चिंताजनक है. यह इनका अमृतकाल नहीं बल्कि विषकाल है।

**अखिलेश-मायावती ने भी साधा निशाना**

बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी पर हमला करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता के नशे में बेसुध भाजपा के एक सांसद द्वारा विपक्ष के एक अल्पसंख्यक सांसद को अति अभद्र तरीके से संबोधित करना किसी आपराधिक घटना से कम नहीं है, ये भाजपा की नकारात्मक राजनीति का निकृष्टतम रूप है। वहीं बसपा सुप्रीमो मायावती ने इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि भले ही स्पीकर ने उन्हें चेतावनी दी है लेकिन बीजेपी की ओर से उनके खिलाफ अभी तक समुचित कार्रवाई नहीं करना दुखद दुर्भाग्यपूर्ण है.।

**दानिश अली ने स्पीकर को लिखी चिट्ठी**

दानिश अली ने लोकसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर रमेश बिधूडी की सदस्यता रद्द करने की मांग की है।

**बीजेपी नेताओं ने दी ये सफाई**

बीजेपी नेता रविशंकर ने कहा कि संसद के अंदर और संसद के बाहर हमने हमेशा मर्यादित आचरण का समर्थन किया है और मैं स्वयं भी इसका पालन करता हूं। मैं ऐसी किसी भी टिप्पणी का समर्थन नहीं करता हूं जो अमर्यादित है।

**हर्षवर्धन ने अपनी हंसी पर क्या कहा ?**

जब बिधूड़ी संसद में आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे, तब उनके बगल में बैठे बीजेपी सांसद हंस रहे थे. लिहाजा उनकी आलोचना शुरू गई। इस मामले पर हर्षवर्धन ने कहा कि मैं अपने मुस्लिम दोस्तों से पूछता हूं जो आज सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ लिख रहे हैं, क्या वे वास्तव में मानते हैं कि मैं कभी भी ऐसी अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल में भागीदार बन सकता हूं जो किसी एक समुदाय की संवेदनाओं को ठेस पहुंचाती हो? यह नकारात्मकता से भरी एक द्वेषपूर्ण, बेबुनियादी, पूर्णतः झूठ और मनगढ़ंत कहानी है और सोशल मीडिया पर कुछ निहित राजनीतिक तत्वों द्वारा मेरी छवि को खराब करने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।



**राजनाथ सिंह ने जताया खेद**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में भाजपा सदस्य रमेश बिधूड़ी द्वारा की गई कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए खेद व्यक्त किया है। रक्षा मंत्री ने कहा,यदि सांसद की टिप्पणी से विपक्ष आहत हुआ है तो मैं खेद व्यक्त करता हूं।



## कार गोदाम में लगी आग

**2 करोड़ के वाहन जले**

**प्रयागराज,22 सितम्बर 2023(ए)।**
प्रयागराज में शुक्रवार को मारुति सुजुकी के गोदाम में एक हाई-टेंशन तार टूटकर गिर गया, जिससे आग लग गई। इसमें 16 वाहन जलकर राख हो गए, जिनकी कीमत लगभग 2 करोड़ रुपये बताई जा रही है। घटना झूंसी के अंदावा में हुई। कारों में लगे सीएनजी सिलेंडर फटने से विस्फोट हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी आर के पांडे ने बताया कि आग बुझाने के लिए फूलपुर, सोरांव हंडिया, नैनी और सिविल लाइंस से सात दमकल गाड़ियां बुलाई गई। उन्होंने कहा, ÷गैराज में 400 गाड़ियां खड़ी थीं। आग बुझाने में दो घंटे से ज्यादा का समय लग गया। कंपनी ने विभाग से कोई एनओसी नहीं ली थी। अब उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट का ग्रीन पटाखों को मंजूरी देने से इनकार

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।**
सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर दिल्ली सरकार की ओर से लगाए गए बैन के मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को बेरियम सॉल्ट वाले ग्रीन पटाखों को मंजूरी देने से इनकार किया. देश की सबसे बड़ी अदालत ने इसके नुकसान को देखते हुए 2018 में बैन कर दिया था। पटाखा निर्माताओं ने याचिका दायर करते हुए 30 फीसदी कम धुआं छोड़ने वाले पटाखों के लिए मंजूरी की मांग की थी. जस्टिस एएस बोपन्ना और एमएम सुंदरेश ने कहा, 'हमने आवेदन को स्वीकार नहीं किया है. जहां भी हमारे पहले के आदेश का उल्लंघन होगा, उसे हले के आदेशों के अनुसार रेग्युलेट किया जाएगा.' याचिका में बेरियम



आधारित ग्रीन पटाखों के लिए मंजूरी मांगी गई थी और लड़ियों से रोक हटाने की गुजारिश की गई थी. याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत से गुजारिश की कि मुद्दे को जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाएगा. इसके जवाब में कोर्ट ने कहा, 'हम सिर्फ हैपी दिवली कह सकते हैं।' कोर्ट ने प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पारंपरिक पटाखे जलाने को लेकर, अपने 2018 के प्रतिबंध और निर्देशों को दोहराया है. बेंच ने कहा, 'हम पटाखों की लड़ियों और बेरियम युक्त पटाखों के निर्माण एवं बिक्री की अनुमति दिए जाने का अनुरोध करने वाली दो याचिकाएं खारिज कर रहे हैं। हमने 2018 के निर्देशों में हस्तक्षेप नहीं किया है और उन्हें दोहराया है।'

# लक्स कंपनी आयकर विभाग की रडार में

**150 करोड़ की टैक्स चोरी के आरोप**

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।** देश की बड़ी टेक्सटाइल्स और इनर वियर बनाने वाली मशहूर कंपनी लक्स के कई ठिकानों पर इनकम टैक्स विभाग ने छापेमारी की. जानकारी के मुताबिक गुरुवार की सुबह 6 बजे आयकर विभाग की टीम ने एक साथ पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और नई दिल्ली स्थित लक्स इंडस्ट्रीज के ऑफिस और मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट पर दबिश दी. इसके अलावा लक्स कंपनी के प्रमोटरों के घरों पर भी छापेमारी की गई. बता दें, लक्स



कोलकाता बेस्ड कंपनी है. अभी तक कंपनी की ओर से इस एक्शन पर कोई बयान नहीं आया है. कंपनी पर 150 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी का आरोप है. इस बीच शुक्रवार को लक्स इंडस्ट्रीज के शेयरों गिरावट में देखने को मिली. दोपहर 2 बजे 3.32 फीसदी गिरकर 1272 रुपये पर कारोबार कर रहा था. पिछले एक साल से लक्स कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिल रही है. एक साल में शेयर 20 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है. जबकि इस दौरान इंडेक्स निफ्टी में 12 फीसदी की तेजी आई है।

# सुप्रीम कोर्ट से सीएम के बेटे को मिला नोटिस

**» उदयनिधि स्टालिन पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई**



**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।**
सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन और सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन के आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की पीठ ने याचिका पर स्टालिन जूनियर, तमिलनाडु पुलिस और अन्य से जवाब मांगा। कोर्ट ने इसे शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित अन्य हेट स्पीच मामलों के साथ टैग करने से इनकार कर दिया। सुनवाई की शुरुआत में, पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका पर विचार करने में अनिच्छा व्यक्त की और पूछा कि याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय का दरवाजा क्यों नहीं खटखटाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील दामा शेषाद्रि नायडू ने कहा कि संवैधानिक पदाधिकारी एक संपूर्ण आस्था के खिलाफ बोल रहे हैं, उन्होंने कहा कि बच्चों से एक विशेष आस्था के खिलाफ बोलने के लिए कहा जाता है और उन्हें मजबूर किया जाता है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान मामले में, राज्य घृणास्पद भाषण फैला रहा है और राज्य सरकार द्वारा छात्रों को एक विशेष धर्म के खिलाफ बोलने के लिए परिपत्र जारी किए गए हैं। दलीलें सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले की जांच करने का फैसला किया और नोटिस जारी किया। इसने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि अदालत को पुलिस स्टेशन में परिवर्तित किया जा रहा है और ऐसे मामलों को उच्च न्यायालय द्वारा निपटाया जाना चाहिए।

# पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 24 तक बढ़ी

**विजयवाड़ा,22 सितम्बर 2023(ए)।**
विजयवाड़ा एसीबी कोर्ट ने शुक्रवार को कथित कौशल विकास निगम घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू की न्यायिक हिरासत 24 सितंबर तक बढ़ा दी। नायडू की हिरासत शुक्रवार को समाप्त होने के साथ, उन्हें राजमुंदरी सेंट्रल जेल से न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। जज हिमा बिंदू ने हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी। जब न्यायाधीश ने उनकी हिरासत के लिए सीआईडी की याचिका पर तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख के विचार जानना चाहा, तो उन्होंने न्यायाधीश से कहा कि उनकी गिरफ्तारी अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें जेल में रखकर मानसिक यातना दी जा रही है और उन्होंने उनसे अपने अधिकारों की रक्षा करने



का अनुरोध किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें बिना किसी नोटिस के और केवल आरोपों के आधार पर गिरफ्तार किया गया है।
नायडू ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके 45 साल के लंबे राजनीतिक करियर और उनके मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य में किये गये विकास के बावजूद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जज ने उन्हें बताया कि वह न्यायिक हिरासत में हैं और जेल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछताछ की।

# प्रताड़ना के कारण हुई पत्रकार की मौत ?

**» मृतक की पत्नी ने कहा- एसडीएम के धमकी भरे पत्र से हुए ब्रेन हेमरेज का शिकार**

**» अब कौन लौटाएगा उन्हें..!**

**राजगढ़,22 सितम्बर 2023(ए)।**
राजगढ़ के 45 वर्षीय पत्रकार योगेश मैथिल की ब्रेन हेमरेज से बुधवार रात राजधानी भोपाल के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसके बाद मृतक की पत्नी रिचा मैथित ने नरसिंहगढ़ एसडीएम अंशुमन राज को अपने पति की मौत के लिए जिम्मेदार बताया है। वहीं पत्रकार की मौत के बाद जिले के साथी पत्रकार एसडीएम को हटाने और मामले में न्यायिक जांच कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे।



कलेक्टर, राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया।
दरअसल, जिले के नरसिंहगढ़ में पत्रकार योगेश की पत्नी रिचा मैथिल बालिका छात्रावास की अधीक्षिका है। बताया जा रहा है कि 23 अगस्त को नरसिंहगढ़ एसडीएम अंशुमन राज ने पत्रकार योगेश मैथिल पर पॉस्को एक्ट में कार्रवाई करने को लेकर कारण बताओ नोटिस दिया गया था। नोटिस में लिखा था कि प्रशासन की टीम ने 24 अगस्त को छात्रावास का निरीक्षण किया था। जिसमें छात्राओं ने योगेश मैथिल पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया था। जिसे लेकर पत्रकार को नोटिस जारी कर उनकी पत्नी को छात्रावास की अधीक्षिका पद से भी हटाया गया था। मृतक योगेश मैथिल की पत्नी का एसडीएम पर आरोप है कि धमकी भरे पत्र से उनके पति सदमे में आए और ब्रेन हेमरेज के शिकार हुए।

**एसडीएम के पत्र पर उठे सवाल ?**

नरसिंहगढ़ एसडीएम द्वारा 23 अगस्त को जारी इस नोटिस पर कई सारे सवाल खड़े हो गए हैं। 23 तारीख को जारी इस पत्र में लिखा है कि मृतक पत्रकार के खिलाफ शिकायत 23 अगस्त को की गई है, ऐसे में संदेह होता है कि पॉक्सो एक्ट का हवाला देकर यह धमकी भरा पत्र प्रायोजित साजिश के तहत जारी हुआ है। कस्तूरबा गांधी छात्रावास में निरीक्षण की स्क्रिप्ट एक दिन पहले ही लिख दी गई। छात्रावास में निरीक्षण दिनांक 24 अगस्त को होता है ,और कारण बताओं नोटिस 23 अगस्त को ही जारी कर दिया जाता है। आरोप है कि जब प्रशासन को बालिकाओं द्वारा इतनी गंभीर शिकायतें मिली थी तो क्यों ना पॉस्को एक्ट में मामला दर्ज करवाया जाता। इस तरह धमकी भरा नोटिस क्यों थमाया गया। सवाल उठता है कि पॉक्सो एक्ट में कार्रवाई पुलिस को करनी होती है। रहा सवाल नोटिस का तो पॉक्सो एक्ट मे नोटिस देने का कोई प्रावधान नहीं है,सीधे प्रथमिकी दर्ज होती है। इसलिए ये मामला संदेह के घेरे में है।



# ट्रेन दुर्घटना के पीड़ितों को रेलवे देगी अब 10 गुना ज्यादा मुआवजा

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।**
रेलवे बोर्ड ने ट्रेन दुर्घटनाओं में किसी की मौत या घायल होने पर मिलने वाले राहत भुगतान को 10 गुना बढ़ा दिया है. राहत भुगतान को अंतिम बार 2012 और 2013 में संशोधित किया गया था. संशोधित राहत राशि उन सड़क उपयोगकर्ताओं पर भी लागू होगी जो मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग गेट दुर्घटना के लिए रेलवे की प्रथम दृष्ट्या देयता के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं. रेलवे बोर्ड द्वारा जारी एक सर्कुलर के मुताबिक, अब ट्रेन दुर्घटनाओं में मृत और घायलों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को रिवाइज करने का फैसला लिया गया है.

**संशोधित राहत राशियां इस प्रकार हैं**

मृत्यु : 5 लाख रुपये (पहले 50,000 रुपये) गंभीर चोट : 2.5 लाख रुपये (पहले 25,000 रुपये) साधारण चोट : 50,000 रुपये (पहले 5,000 रुपये)

अस्पताल में भर्ती होने पर मिलेगा
ट्रेन दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल यात्रियों के लिए जिन्हें 30 दिनों से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता होती है, प्रत्येक 10-दिन की अवधि के अंत या छुट्टी की तारीख, जो भी पहले हो, पर प्रति दिन ₹ 3,000 का अतिरिक्त भुगतान जारी किया जाएगा. अप्रिय घटनाओं में गंभीर रूप से घायल यात्रियों के लिए जिन्हें 30 दिनों से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता होती है, प्रत्येक 10 दिन की अवधि के अंत या छुट्टी की तारीख, जो भी पहले हो, अगले छह महीने तक प्रति दिन ₹ 1,500 का अतिरिक्त राहत भुगतान जारी किया जाएगा. अस्पताल में भर्ती होने का. इसके बाद, अस्पताल में भर्ती होने के अगले पांच महीनों तक, प्रत्येक 10-दिन की अवधि या डिस्चार्ज की तारीख, जो भी पहले हो, के अंत में 750 रुपये प्रति दिन जारी किए जाएंगे.

# आतंकियों की मदद कर रहा था डीएसपी

**» अपने ही अफसरों को फंसाया**

**» खुलासे से कश्मीर में मचा हड़कंप**

**श्रीनगर,22 सितम्बर 2023(ए)।**
जम्मू-कश्मीर में पुलिस और सुरक्षा बल आतंकियों के सफाये में जुटे हुए है। वहीं दूसरी तरफ एक खुलासे ने जम्मू-कश्मीर प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। दरअसल जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी शेख आदिल मुश्ताक को आतंकवाद के एक आरोपी से रिश्तों का आरोप लगा है। आरोप है कि मुश्ताक ने आतंकवाद के आरोपी की गिरफ्तारी से बचने में मदद की थी। इस मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी को ही फंसाने की कोशिश की थी। शेख आदिल के घर जब पुलिस पहुंची तो वह कूदकर भागने लगे, लेकिन उन्हें दबोच लिया गया।




वहीं हाल ही में अनंतनाग में एक सप्ताह तक मुठभेड़ चली थी और उसमें कई जांबाज अफसर शहीद हो गए थे।
गिरफ्तारी के बाद शेख आदिल को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां उसे 6 दिन की हिरासत में रखने का आदेश दिया गया। सूत्रों का कहना है कि आतंकवाद के आरोपी के फोन की जांच से यह पता चला कि शेख आदिल मुश्ताक लगातार उसके संपर्क में बने हुए थे। आतंकी को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था और फिर लंबी जांच के बाद सनसनीखेज खुलासा हुआ। एक सीनियर पुलिस अधिकारी का इस तरह आतंकवादी से ताल्लुक रखना और मदद करना हैरान करने वाला है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि डीएसपी के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ तकनीकी सबूत मिले हैं और पैसों के लेनदेन की बात भी पता चली है। अधिकारी ने कहा कि इस बात के पुख्ता सबूत हैं कैसे आदिल शेख ने आतंकवादी की मदद की। वह कैसे एक पुलिस अधिकारी को ही फंसाने में जुटे थे, जो आतंकी फंडिंग के केसों की जांच कर रहे थे। इसके लिए एक झूठी शिकायत भी आदिल की ओर से तैयार कराई गई थी। पुलिस का कहना है कि आदिल ने आरोपी से 5 लाख रुपए भी लिए थे।

# एक लाख का इनामी बदमाश एनकाउंटर में ढेर

**ट्रेन में महिला कांस्टेबल से दरिंदगी करने के मामले में था वांछित**

**अयोध्या ,22 सितम्बर 2023(ए)।** सरयू एक्सप्रेस में महिला कांस्टेबल पर जानलेवा हमले में शामिल मुख्य आरोपी को पुलिस और एसटीएफ ने एनकाऊंटर कर दिया गया है। पुलिस ने बताया कि अनीस की क्रॉस फायरिंग में मारा गया है। वहीं दूसरी तरफ अनीस के 2 साथी आजाद और विभंभर दयाल उर्फ लल्लू घायल है, जिससे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अयोध्या के इनायतनगर में यह मामला पेश आया है।



बता दें मारा गया मुख्य आरोपी अनीस महिला कांस्टेबल से ट्रेन में छेड़खानी कर रहा था। महिला सिपाही ने जब बदमाश को पटक दिया तो तीनों बदमाशों ने महिला पर जानलेवा हमला कर दिया था और उसके चेहरे को लहूलुहान कर दिया था।
बदमाशों ने ट्रेन की खिड़की से महिला का सिर पटक दिया था, जिससे वो बुरी तरह जख्मी हो गई थी। अयोध्या स्टेशन आने से पहले ट्रेन धीमी हुई तो तीनों बदमाश फरार हो गए थे।
जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर में तैनात महिला कांस्टेबल पर सरयू एक्सप्रेस में हुआ जानलेवा हमला सीट पर बैठने को लेकर हुए विवाद की वजह से हुआ था। लखनऊ केजीएमसी में भर्ती महिला कांस्टेबल से पूछताछ के दौरान पुलिस टीम को यह अहम जानकारी दी थी। इसके बाद एसटीएफ की टीमें मनकापुर से अयोध्या आने वाले 150 से अधिक लोगों से पूछताछ कर हमलावरों की तलाश में जुट गई थी। पुलिस ने आरोपियों के बारे में जानकारी देने वाले को 1 लाख रुपए इनाम देने की भी घोषणा की थी।

# महिला आरक्षण बिल तुरंत लागू करने की मांग



**ओबीसी कोटा न होने पर जताया अफसोस**

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023(ए)।**
कांग्रेस के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक बार फिर परिसीमन और जनगणना के खंड को हटाकर महिला आरक्षण विधेयक को तत्काल लागू करने की मांग की, और यह भी कहा कि यह अफसोसजनक है कि विधेयक के भीतर ओबीसी कोटा शामिल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार को जातीय जनगणना करानी चाहिए।

## संपादकीय

### भवन और भावना

घूम-फिर कर सवाल यही सामने है कि क्या नए संसद भवन में दोनों पक्ष नई- यानी संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली- भावना भी दिखाएंगे? उन्होंने ऐसा किया, तभी यह परिवर्तन ऐतिहासिक बन पाएगा।

लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों ने संसद के नए भवन में जाने से पहले पुराने भवन से जुड़ी स्मृतियों को याद किया। नेतृत्व खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, जिन्होंने इस मौके पर अनपेक्षित भावना का प्रदर्शन करते हुए जवाहर लाल नेहरू के ऐतिहासिक 'स्ट्रोक ऑफ द मिडनाइड' भाषण को याद किया और साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भी अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में कई सकारात्मक बातें कहीं। विपक्षी नेताओं ने संसद की भावना से जुड़े कई प्रश्न उछाले। घूम-फिर कर सवाल यही सामने आया कि क्या नए भवन में दोनों पक्ष नई (या संसदीय परंपरा की अनिवार्य शर्त बताई जाने वाली) भावना भी दिखाएंगे? अगर दोनों पक्ष सिर्फ यह याद रखें कि सदन में पहुंचे सभी चेहरों को जनता ने निर्वाचित किया है और वे सभी जन प्रतिनिधित्व के लिए वहां आए हैं, तो संसदीय परंपरा को लेकर लगातार गहरी होती गई कई चिंताओं का समाधान निकल सकता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में अल्पमत- यानी विपक्ष भी सरकार की गलतियों को बेनकाब कर और विरोध संगठित कर जनता की तरफ से सौंपी गई जिम्मेदारी का निर्वाह ही करता है, अगर यह बात सत्ता पक्ष आत्मसात कर ले, तो संसद में वे नजारे देखने को नहीं मिलेंगे, जिन्होंने देश के एक बड़े जनमत के मन में व्यग्रता पैदा कर रखी है।

विरोधी का अर्थ दुश्मन समझना और बहुमत को बहुमतवाद में तब्दील कर देना लोकतंत्र की भावना का सिरे उल्लंघन है। संसद जब अपने पुराने भवन से विदा हुई, तब यही प्रवृत्ति वहां हावी थी। अब अगर नए भवन में भी यही जारी रही, तो फिर इमारत की भव्यता और नूतनता से देश में गहराती चली गई विभाजन की भावना पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। भवन असल में सिर्फ एक स्थान है, जो भावना की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक परिस्थितियां उपलब्ध कराता है। अब भवन परिवर्तन हो गया है, लेकिन यह अपने-आप में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं है। यह घटना सचमुच ऐतिहासिक बने और इससे जुड़े पात्र इतिहास में अपने लिए खास स्थान बना सकें, इसके लिए जरूरी यह है कि वे उस भावना को भी बदलें, जो इस समय भारतीय लोकतंत्र पर घने बादल की तरह मंडरा रही है।

# भारत और कनाडा के राजनयिक संबंधों में गहरी दरार

» **कनाडा पाकिस्तान की राह पर**

» **जस्टिन ट्रूडो का दिमागी दिवालियापन**

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का भारत सरकार पर आरोप लगाकर वैश्विक राजनीति में एक भूचाल ला दिया है। इस बयान के साथ उन्होंने अपने दिमागी दिवालियापन का सबूत भी दे दिया है और यह साबित कर दिया है कि भारत जैसे देश से अपने संबंध खराब कर वे अभी भी अपरिपक्व राजनीतिज्ञ हैं। खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्ज्रर 17 साल से अवैध रूप से कनाडा में रह रहे थे और भारत द्वारा उसे आतंकवादी घोषित करते ही कनाडा ने उसे नागरिकता प्रदान कर दी थी। कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत पर उसकी हत्या का आरोप लगाकर यह कयास लगाया था कि उसे अमेरिका ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया तथा नाटो देश का समर्थन मिलेगा जिससे वह आतंकवादियों को शरण देने की जवाब देही से बच सकेंगे पर वॉशिंगटन पोस्ट की खबरों के अनुसार फाइव एलायंस यानी अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया- न्यूजीलैंड ने उसके इस आरोप से किनारा कर लिया और कोई समर्थन नहीं दिया है। अब कनाडा के प्रधानमंत्री वैश्विक राजनीति में अलग-अलग पड़ गए हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री के सत्ताधारी गठबंधन में भी दरारें पड़ गई हैं लिबरल पार्टी के कई सांसदों ने भारत से संबंध बनाए रखना पक्ष में बयान दिए हैं। उनके ही मंत्री हरजीत सज्जन ने बयान देकर कहा है की कनाडा को भारत से रिश्ते तल्ख कर बनाने की जरूरत नहीं और कनाडा की प्रथम हिंदू कैबिनेट मंत्री अनीता आनंद ने भी प्रधानमंत्री को अत्यंत विवेक से कम लेने की सलाह दी



है। यह बात अत्यंत महत्वपूर्ण है की कनाडा नाटो देश का सदस्य भी है पर नाटो देश ने भी उससे इस मामले में किनारा कर लिया है। कनाडा विगत कई सालों से खालिस्तानी आतंकवादियों को समर्थन देकर पाकिस्तान की राह में निकल पड़ा है। खालिस्तानी आतंकवादियों को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई,एस,आई सीधा समर्थन देकर उन्हें फंडिंग कर रही है इस तरह कनाडा पाकिस्तान और खालिस्तान आतंकवादियों का एक त्रिगुट बन गया है जो वह भारत विरोधी हरकतों को कनाडा तथा भारत में अंजाम देने में लगा हुआ है। कनाडा में वर्तमान में 9 आतंकवादी संगठन ऐसे हैं जो सक्रिय रूप से भारत को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और भारतीय दूतावास तथा अधिकारियों को सीधे तौर पर धमक भी रहे हैं। इन संगठनों का सीधा संबंध खालिस्तान आतंकवाद, ड्रग तथा मानव तस्करी जैसे अपराधों से जुड़ी हुई है। भारत सरकार के विदेश प्रवक्ता ने दावा किया है की कनाडा सरकार की यह हरकत संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला विरोध है, संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर के सातवें अध्याय में शामिल वैश्विक आतंकवाद के रोकथाम के लिए बनाए गए सुरक्षा परिषद के संकल्प 1373 के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को शरण देने से पहले यह तय करना होता है की शरण लेने वाला व्यक्ति आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त तो नहीं है और कनाडा सरकार ने हरदीप सिंह निज्जर आतंकवादी घोषित करने के पश्चात नागरिकता देकर संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का खुला उल्लंघन भी किया है। भारत सरकार के अनुसार कनाडा में अभी भी 10 खालिस्तानी खूंखार आतंकवादी निवास कर रहे हैं जो कनाडा में मौजूद रहकर भारत में अपराधिक आतंकवादी गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उधर घरेलू मोर्चे में भी कनाडा के प्रधानमंत्री संसद में घिरे हुए हैं उनकी मुख्य विपक्षी विरोधी पार्टी कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पालियेव् ने कहा प्रधानमंत्री ने जो भारत पर आरोप लगाए हैं उसका कोई ठोस सबूत पेश नहीं किया है। प्रधानमंत्री को जनता के सामने ठोस सबूत रखना चाहिए । भारत सरकार ने कनाडा के प्रधानमंत्री के आरोपों का जोरदार जवाब देकर कनाडा वीजा पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है और उनके राजदूत को भारत से वापस भेज दिया है। कनाडा में भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध की धज्जियां उड़ा कर रख दी है, कनाडा जहां अंतरराष्ट्रीय नियमों की दुहाई देते हुए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप की हत्या का आरोप लगाकर अपनी जिम्मेदारी से बचना चाह रहा है वही खुद लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय नियमों और द्विपक्षी समझौता का उल्लंघन करता आ रहा है। भारत सरकार ने बीते 5 सालों में कनाडा को खालिस्तानी आतंकवादियों के प्रत्यर्पण के लिए 26 अनुरोध भेजें लेकिन कनाडा सरकार ने स्पष्ट रूप से झटक दिया था। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी 43 दुर्दांत आतंकवादियों की सूची जारी की है जो कनाडा में गुप्त रूप से रह रहे हैं कनाडा ने इस नोटिस का जवाब तक नहीं दिया है। बहुत महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि कनाडा की कार्लटन यूनिवर्सिटी में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की ज्ञाता स्टेफनी कार्विन कहती है कि पूरे यूरोप और अमेरिका के हिसाब से ड्रैगन चीन से शक्ति संतुलन में भारत देश अत्यंत अपरिहार्य है। इसमें कनाडा का कोई महत्व नहीं रह गया है और यही वजह है कि कनाडा की तरफ से भारत के खिलाफ गंभीर आरोप लगाने के बाद भी अमेरिका तथा यूरोपीय देश की प्रतिक्रिया बहुत सधी हुई है, और किसी भी देश ने भारत के खिलाफ कोई बयान देने में किसी भी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई है। अमेरिका,ब्रिटेन और यूरोपीय देश एक तरह से भारत के साथ संबंधों को नए स्तर पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं दूसरी तरफ कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंधों को अब तक की सबसे खराब स्थिति में पहुंचा दिया है। कनाडा ने भारत के साथ अपने संबंध खराब करके दुनिया में अपने आप को अकेला कर लिया है, आतंकवादियों को अपने देश में शरण देकर अब वह पाकिस्तान की राह में चल पड़ा है और पाकिस्तान की तरफ अलग-अलग पड़ गया है। उसे किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है जिसकी कल्पना कनाडा के प्रधानमंत्री ने कभी नहीं की थी। भारत में आयोजित विगत दिनों जी 20 सम्मेलन से भारत के संबंध दुनिया के देशों से बेहतर से बेहतरीन हो गए और कनाडा इस मामले में अकेला रह गया है। अब यह तो तय है कि जब तक कनाडा के प्रधानमंत्री खालिस्तान आतंकवादियों को भारत को प्रत्यपित नहीं करता है तब तक भारत के राजनीतिक संबंध कनाडा से सुधार नहीं सकते हैं। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की संयुक्त राष्ट्र संघ में बैठक में सभी प्रारूपों के आतंकवाद की खुलकर निंदा की और जी 20 पर भारत की अध्यक्षता की सराहना भी की तथा जी 20 के स्थाई सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ का स्वागत किया ब्रिक्स के सदस्यों के विदेश मंत्रियों ने आतंकवाद आतंक के लिए अनुकूल उग्रवाद और कट्टरपन से पैदा खतरे तथा इससे सभी रूपों में मुकाबला करने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत को विश्व के अधिकांश देशों का समर्थन प्राप्त है और कनाडा के प्रधानमंत्री अपना बयान देकर अत्यंत आसहज हो गए हैं भारत द्वारा उनके आरोपों के सबूत मांगने पर कनाडा सरकार ने चुप्पी साथ ली है। कनाडा की सरकार अल्पमत की सरकार और डेमोक्रेटिक फ्रंट वाली पार्टी का समर्थन प्राप्त है और यही कारण है की कनाडा के प्रधानमंत्री अल्पमत होने के कारण इस तरह की बयान बाजी कर रहे हैं जो भारत कनाडा के संबंधों के लिए शुभ संकेत नहीं है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## झूठ,फरेब ही बिकता है

मतलबी दुनिया में
परमार्थ कहाँ दिखता है।
जग जाहिर है,झूठ और
फरेब ही बिकता है।।
इर्द-गिर्द लूटेरे,बेईमानों
से ईमान चीखता है।
भ्रष्ट अफसर,दागी नेता
ही कुर्सी पर टिकता है।।
नेकदिल इंसान यहाँ
बेईमानों के बीच पिसता है।
स्वच्छ छबि के लोग यहाँ
दागदारों को टीसता है।।
चोरी,डकैती,आतंक,बलात
अपराधों की भिन्नता है।
बेकसूरों पर इन कसूरवारों
की ये कैसी खिन्नता है।।
मारे जाते बेगुनाह,सरे राह
लूट रही अबला की अस्मत।
इन बेगुनाहों की बेबसी
कहाँ किसी को दिखता है।।
पथभ्रष्ट,चापलूस,घूसखोर,
अवसरवादी,व्यभिचारी,
पदलोलूपों की है बहुलता,
भलामानस की रिक्तता है।।



**महेन्द्र साहू खलारीवाला**
गुंडरदेही बालोद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## संस्कार

वो जाति वो मज़हब किस काम का
जो सीखा ना सकें
परायों से भी अपनापन।
वो धर्म वो परंपराए किस काम की
जो बात ना सकेइंसान को इंसानियत।
वो अपने वो पराए किस काम के
जो काम ना आ पाए सही समय पर।
वो ज्ञान वो ध्यान किस काम का
जो थाम न पाए मनोवृत्तियों के वेग को।



**राजीव डोगरा**
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## भादो के रानी

मैंय हौंव अटल कुँवारी रे,
भादो के रानी।
सुनावत हौंव
अपन जिनगी के कहनी।।
कुकुर मन लुटूर-लुटूर
पुछी ला डोलावत हें।
पसर-पसर भर उँखर
लार हा चूचवावत हे।।
मोर सुघरई ला देख के
सब के मन मोहागे।
मोला सूँघियावत
चार-पाँच झन मन आगे।।
मोर गोठ सून,
अपन-अपन ले कहिथें मोला।
मैंय हा मया करथौंव
कुतिया जादा तोला।।
कोनों हें करिया,सादा,
लाली अउ चितकबरा।
गुर्रा-गुर्रा के भूँकत हें,
गली-खोर मा जबरा।।
मोला पाए बर
एक-दूसर के माते हे लरई।
चाब-चाब के भगावत हें,
माते हे करलई।।
अपन इजत कइसे बचाँव,
फदिहत होगे जादा।
आवत-जावत जम्मों झन
देखत हें तमासा।।
नारी हा खुलेआम
होवत हे हवस के सिकार।
चबनहा कुकुर मन ला
सजा देतिच सरकार।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## शोर

हर तरफ शोर यह शोर-शराबे से
भरी जिंदगी है आज अदृश्य
स्थिति अलग है...
कहीं न कहीं से सुना होगा
खांसने की आवाज
एक वयस्क रोगी में विश्वास दर्शाता है
कहीं न कहीं से सुना होगा
रोने की आवाज बच्चे की भूख...
कहीं न कहीं से सुना होगा
शोर जो कुछ भी समझ में आता है
मानव मन घूम रहा है
उन शोरों के कारण अमन नहीं
होने वाला नहीं है
हालांकि...कभी-कभी शोर
संकोचशीलहालाँकि,वहाँ है...
शोर इस दुनिया को न केवल...
इन आदमियों को ज़रूरी
आवश्यकता है...



**ओत्तेरी सेल्वा कुमार**
चेन्नई
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# राजस्थान में अपनों से परेशान भाजपा

राजस्थान में विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे भाजपा की अंदरूनी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक तरफ भाजपा राजस्थान में चार अलग-अलग क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्राओं का आयोजन कर चुनावी माहौल बनाने में जुटी हुई हैं। वही पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी को लगातार संकट में डाल कर परेशान कर रहे हैं। पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता रहे कैलाश मेघवाल पार्टी के लिए गले की फांस बने हुए हैं। हालांकि भाजपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है और आने वाले समय में उनका पार्टी से निष्कासन तय माना जा रहा है।

कैलाश मेघवाल प्रकरण से भाजपा को बेवजह शर्मिंदगी तो उठानी पड़ी ही साथ ही डैमेज कंट्रोल भी करना पड़ रहा है। इसका कारण केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल है। अर्जुन राम मेघवाल शुरू से ही विवादों में रहे हैं। उनके चलते बीकानेर क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे देवीसिंह भाटी को पार्टी छोड़नी पड़ी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में देवीसिंह भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर उनकी पुत्रवधू पूनम कँवर भाटी को चुनाव में हरवाने का आरोप लगाया था। मेघवाल अपने पुत्र रविशेखर को जिला परिषद का चुनाव लड़वा कर भी काफी विवादों में रहे थे। हालांकि उनका पुत्र रवि शेखर राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से हार गया था। अर्जुन राम मेघवाल का पुत्र रवि शेखर भी अक्सर विवादों में बना रहता है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी भैरोसिंह शेखावत व वसुंधरा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनका बीकानेर क्षेत्र में खासा प्रभाव माना जाता है। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा में शामिल होने का प्रयास किया था। मगर अर्जुनराम मेघवाल ने उनके भाजपा प्रवेश में अड़ंगा लगा दिया था। उसके बाद भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से मिलकर राजनीतिक गठबंधन बनाने के संकेत दिए थे। यदि देवीसिंह भाटी हनुमान बेनीवाल के साथ चुनावी गठबंधन बनाते हैं तो उसका नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा।

पिछले दिनों जोधपुर जिले के सूरसागर से विधायक सूर्यकांता व्यास ने केंद्रीय मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत पर हमला बोलकर पार्टी में पनप रही गुटबाजी को और हवा दे दी है। कुछ दिनों पूर्व भाजपा की वरिष्ठ विधायक सूर्यकांता व्यास ने अपनी मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सार्वजनिक रूप से आभार जताया था। जिससे खफा होकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सूर्यकांता व्यास पर व्यंग्य कसते हुए कहा था कि बच्चे और बूढ़े का मन एक सा हो जाता हैं। उनके कही बातों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इस पर सूर्यकांता व्यास खफा हो गई थी और उन्होंने गजेंद्र सिंह के बहाने भाजपा आलाकमान को चेतावनी दे डाली की 93 साल की उम्र में भी वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी भी और जीतेगी भी।

चुनावी समय में इस तरह की बातों से पार्टी का माहौल खराब होता है। एक तरफ माहौल बनाने के लिए भाजपा दूसरे दलों के नेताओं व पूर्व ब्यूरोक्रेट्स को पार्टी में शामिल करवा रही है। वहीं दूसरी तरफ उनके अपने ही वरिष्ठ नेताओं की बयान बाजी पार्टी पर भारी पड़ रही है। कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, सूर्यकांता व्यास यह सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते हैं। इनको लेकर पार्टी में बेवजह चल रही बयानबाजी से वसुंधरा राजे भी नाराज बताई जा रही है। वसुंधरा राजे समर्थकों का मानना है कि भाजपा के नेताओं द्वारा ही वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बेवजह बयानबाजी कर उनकी उपेक्षा करने से पार्टी कमजोर होगी।

अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता जो केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री भी है। उनको तो सबको साथ लेकर चलने की नीति अपनानी चाहिए। मगर वरिष्ठ नेता स्वयं ही बेवजह की बयान बाजी कर विवादों को जन्म दे रहे हैं। राजस्थान भाजपा में चल रहे मौजूदा घटनाक्रम के कारण ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जन संकल्प परिवर्तन यात्राओं से भी दूरी बना ली है। उनके समर्थक भी यात्राओं में नाम मात्र की उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

एक तरफ तो भाजपा सुभाष महरिया, ज्योति मिर्धा, सवाईसिंह चौधरी जैसे दिग्गज जाट नेताओं को पार्टी में शामिल करवा कर प्रदेश में कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ उनके अपने ही नेता पार्टी में एक दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं।



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू,
राजस्थान

# महिला आरक्षण और पार्टियों की हिप्पोक्रेसी

यह लाख टके का सवाल है कि क्या लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को कभी सचमुच आरक्षण मिल पाएगा? आबादी के अनुपात में आधी न सही लेकिन एक-तिहाई सीटें भी उनके लिए आरक्षित हो पाएंगी? पहली बार 1989 में तब के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने स्थानीय निकाय में महिलाओं को आरक्षण देने का बिल पेश किया था, जो राज्यसभा में सात वोट से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिंह राव की सरकार ने यह बिल पास कराया। उसके बाद कई राज्यों में स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू हुआ। बिहार में तो नीतीश कुमार की सरकार ने 50 फीसदी आरक्षण लागू किया हुआ है। स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था का लाभ यह हुआ कि पूरे देश के अलग अलग निकायों में करीब 15 लाख महिलाएं जन प्रतिनिधि के तौर पर अपनी भूमिका निभा रही हैं। उस एक कानून ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में कितना काम किया, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है।

इसके बावजूद क्या कारण है कि लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण का कानून नहीं बन पा रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि जो कानून निर्माता स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण का प्रावधान करते हैं वे खुद अपने कुर्सी के त्याग का साहस नहीं दिखा पाते हैं। उनको पता है कि स्थानीय निकाय में आरक्षण देने से बिना कुछ गंवाए महिला हितैषी बना जा सकता है लेकिन अगर लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया तो अपनी कुर्सी भी गंवानी पड़ सकती है। आज भले जितनी बातें हो रही हों लेकिन ज्यादातर पुरुष सांसद इस पक्ष में नहीं रहते हैं कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण दिया जाए। यह हकीकत है, जिसे वे वैचारिक जामा पहनाते हैं। एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण की बात करते हैं और उस आधार पर महिला आरक्षण का विरोध करते हैं।



अन्यथा कोई कारण नहीं था कि नौ मार्च 2010 को राज्यसभा से पास होने के बाद महिला आरक्षण का बिल लोकसभा से पास नहीं होता। आज कांग्रेस पार्टी इस बात का श्रेय ले रही है कि उसने महिला आरक्षण की शुरुआत की थी और मौजूदा सरकार की ओर से पेश किया गया बिल उसका बिल है। लेकिन कांग्रेस से कोई यह सवाल नहीं पूछ रहा है कि जब उसने मार्च 2010 में राज्यसभा से बिल पास करा लिया तो लोकसभा में उसे क्यों नहीं पेश किया और क्यों नहीं पास कराया? क्या इससे कांग्रेस की मंशा पर संदेह नहीं पैदा होता है? उससे पहले महिला आरक्षण बिल तीन बार पेश हुआ और तीनों बार लोकसभा में पेश हुआ। लेकिन मनमोहन सिंह की सरकार ने राज्यसभा का रास्ता चुना और राज्यसभा से पास करा कर उसे लोकसभा भेज दिया गया, लेकिन वहां पेश नहीं किया गया। उस समय लोकसभा में कांग्रेस के 206 सांसद थे और भाजपा के 116 यानी सिर्फ इन दो पार्टियों को मिला कर 322 सांसद थे। बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई वोट यानी 362 वोट की जरूरत थी, जो आसानी से मिल जाता। जदयू के 20, कम्युनिस्ट पार्टियों के 20, बीजू जनता दल के 14, तृणमूल कांग्रेस के 19 और डीएमके के 18 सांसद थे, जो इस बिल का समर्थन करते। लेकिन कांग्रेस ने यह बिल पेश नहीं किया। उसके नेताओं ने कहा कि अगर बिल पेश होता तो राजद और समाजवादी पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लेते। हकीकत यह है कि इन दोनों पार्टियों के उस समय सिर्फ 28 सांसद थे और सरकार इनके भरोसे नहीं चल रही थी। सोचें, जुलाई 2008 में मनमोहन सिंह ने अमेरिका के साथ परमाणु संधि करने के लिए 60 सीटों वाली कम्युनिस्ट पार्टियों की परवाह नहीं की। तब कांग्रेस के अपने सिर्फ 145 सांसद थे। लेकिन जब उनके 206 सांसद हो गए तो उन्होंने 28 सांसदों वाली दो पार्टियों की वजह से महिला आरक्षण बिल पेश नहीं किया! क्या यह तर्क किसी के गले उतरेगा? जाहिर है कांग्रेस के पुरुष सांसदों के दबाव में बिल ठंडे बस्ते में डाला गया और आज पार्टी इसका श्रेय लेने को बेचैन है।

भाजपा की मौजूदा सरकार भी उसी रास्ते पर चल रही है, जो रास्ता 2010 में कांग्रेस ने चुना था। फर्क इतना है कि नरेंद्र मोदी की सरकार बिल पास करा कर उसको ठंडे बस्ते में डालेगी। अगर सरकार की मंशा साफ होती तो वह नया बिल लाने की बजाय मार्च 2010 में राज्यसभा में पास किए गए बिल को पुनर्जीवित करती। उसे बारी बारी से दोनों सदनों में पास करा कर लागू कर देती। अगर सरकार उस बिल को पास कराती तो उसे दो महीने बाद पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी लागू किया जा सकता था। उसमें जनगणना या परिसीमन की कोई शर्त नहीं थी। दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति के दस्तखत के साथ ही वह कानून अमल में आ जाता। लेकिन उसकी बजाय इस सरकार ने महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन के साथ जोड़ दिया, जिसका मतलब है कि पास होने के बाद भी इस पर अगले कई बरसों तक अमल नहीं हो पाएगा। अगर परिसीमन के बाद इसे लागू किया गया तो यह 2029 के लोकसभा चुनाव में लागू हो पाएगा और तब तक कितनी चीजें बदल जाएंगी यह कोई नहीं कह सकता है।

असल में राजनीतिक दलों की मंशा साफ नहीं है। दिवंगत शरद यादव ने संसद में कहा था कि अगर यह बिल पास होता है तो परकटी महिलाएं संसद में आएंगी। उनकी इस बात का काफी विरोध हुआ था लेकिन किसी ने शरद यादव से नहीं पूछा था कि वे एक पार्टी के प्रमुख हैं तो क्यों नहीं अपनी पार्टी में गरीब और पिछड़ी जाति की महिलाओं को एक तिहाई टिकट दे दे रहे हैं? आरक्षण मिलेगा तभी पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद या विधानसभा में पहुंचेंगी यह कहां का नियम है? उसके बिना क्यों लालू प्रसाद, शरद यादव और मुलायम सिंह ने अपनी पार्टी की टिकट गरीब, पिछड़ी, दलित, आदिवासी या अल्पसंख्यक महिलाओं को नहीं दी? अगर उन्होंने आबादी के अनुपात में महिलाओं को टिकट देना शुरू कर दिया होता तो इस बिल की जरूरत ही नहीं थी।

अब भी देर नहीं हुई है। जिस तरह से ममता बनर्जी और नवीन पटनायक ने अपनी पार्टी की 40 फीसदी टिकट महिलाओं को देना शुरू किया है उसी तरह बाकी पार्टियां भी करें। कांग्रेस और भाजपा दोनों 50 या 40 फीसदी नहीं तो कम से कम 33 फीसदी टिकट महिलाओं को दें। जिन पार्टियों को पिछड़ी जाति की महिलाओं की चिंता है और आरक्षण में इसे शामिल कराना चाहती हैं वो पार्टियां 33 फीसदी टिकट पिछड़ी जाति की महिलाओं को देना शुरू करें फिर सारा झगड़ा ही खत्म हो जाएगा। इसके बाद बिल की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। असल में महिला आरक्षण भारतीय राजनीति और इस देश के राजनेताओं की हिप्पोक्रेसी का चरम है। यह उनके दोहरेपन की मिसाल है। सारी पार्टियां कथित तौर पर महिला आरक्षण का समर्थन करती हैं लेकिन किसी को महिलाओं को टिकट नहीं देनी है। 'सामाजिक न्याय के महान योद्धा' लालू प्रसाद ने अपनी अनपढ़ पत्नी को तो मुख्यमंत्री बना दिया लेकिन पिछड़ी जाति की दूसरी महिलाओं को तभी टिकट देंगे, जब संसद से पास होकर महिला आरक्षण का कानून बनेगा! इससे ज्यादा हिप्पोक्रेसी क्या हो सकती है? जब तक देश के नेताओं का यह दोहरा रवैया खत्म नहीं होगा तब तक किसी न किसी बहाने महिला आरक्षण बिल अटकता रहेगा। इसलिए इस मामले में नेताओं की बड़ी बड़ी बातों पर ध्यान देने की कोई जरूरत नहीं है। उनकी बातें सिर्फ बातें हैं और आंसू घड़ियाली हैं। उनकी बातों पर नहीं उनके आचरण पर नजर रखें।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# राजनेताओं को विज्ञान की सच्ची भावना को आत्मसात करना चाहिए

जैसे ही संसद सदस्यों ने नई इमारत, भारत के संसद भवन में प्रवेश किया, एक उम्मीद थी कि चीजें बेहतर होंगी और चर्चा की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार होगा। लेकिन जिस तरह से लोकसभा में चंद्रयान पर चर्चा आगे बढ़ी, यह देखकर निराशा हुई कि बदलाव नजर नहीं आ रहा। जब तर्क का समर्थन नहीं किया जाता तो व्यंग्यात्मक टिप्पणियाँ लोगों के मन में खटास पैदा नहीं करतीं। उसे कोई बौद्धिक बहस नहीं कहा जा सकता. टीएमसी सदस्य सुगाता रॉय को वैज्ञानिकों की सफलता से ज्यादा इस बात ने परेशान किया कि स्क्रीन पर प्रधानमंत्री की तस्वीर क्यों आई। उनका तर्क था कि चंद्रयान-3 किसी एक व्यक्ति के प्रयास का परिणाम नहीं है। निश्चित रूप से, कुछ भी एक व्यक्ति का प्रयास नहीं हो सकता। यहां तक कि किसी राज्य सरकार के विकास का श्रेय भी किसी एक व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता, हालांकि सभी पार्टियां, चाहे वह परिवारवाद हो या संघ परिवार की पार्टियां, ऐसा करती हैं। यह कुछ ऐसा है जो पिछले 75 वर्षों से वहां मौजूद है। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम की एक और अतार्किक टिप्पणी थी. उन्होंने कहा कि यह ÷आश्चर्यजनक÷ है कि जबकि भारत चंद्रमा पर उतर रहा है, देश में अभी भी मैनुअल स्कैवेंजिंग और गड्ढों जैसे मुद्दे हैं। ÷यह वास्तव में चौंकाने वाला है

इसका सरल उत्तर यह है कि वैज्ञानिक अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जुनून और समर्पण दिखाते हैं जबकि हाथ से मैला ढोने की प्रथा का अस्तित्व सत्ता में रहे राजनेताओं की अक्षमता को दर्शाता है। यदि आने वाली सरकारें जन कल्याण के प्रति गंभीर होतीं, तो निश्चित रूप से वे मैला ढोने की प्रथा को अतीत की बात बना सकती थीं। क्या कार्ति को लगता है कि यह सिर्फ केंद्र सरकार का काम है? कांग्रेस पार्टी ने भी पांच दशकों से अधिक समय तक देश पर शासन किया था, लेकिन वह सिर पर मैला ढोने की प्रथा को खत्म करने में विफल रही। कांग्रेस शासित राज्य मैला ढोने की प्रथा को ख़त्म कर देश के लिए उदाहरण क्यों नहीं पेश कर सकते? राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेता अभी भी रेलवे कुलियों या ट्रक ड्राइवरों या ऑटो रिक्शा चालकों की समस्याओं को समझने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? जाहिर है, हमारे समाज में कुछ गंभीर गड़बड़ है। कार्ति ने कहा, हम वैज्ञानिक प्रगति का लाभ उठाने में विफल रहे। हाँ, वह सही है. कुछ तो है जो कानून निर्माताओं के साथ गंभीर रूप से गलत है। किसी भी विधायक या सांसद ने इसे गंभीरता से नहीं लिया और कम से कम अपने निर्वाचन क्षेत्र में इस समस्या को खत्म नहीं किया। प्रतिनिधियों को चुनने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उनके संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान हो। क्या सचमुच ऐसा हो रहा है? वे सरकार के विभिन्न अंगों के बीच तालमेल क्यों नहीं ला सकते और जनता की भागीदारी क्यों नहीं बढ़ा सकते? यदि वे ऐसी रुचि दिखाएं तो वैज्ञानिकों की तरह वे भी लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

टीएमसी सदस्य चंद्रयान-3 की सफलता पर एनडीए सरकार को कोई श्रेय नहीं देना चाहते थे और कहा कि यह नेहरू और इंदिरा गांधी की दूरदर्शिता और पिछले वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। निःसंदेह, रातोरात कुछ नहीं होता। सफलता पाने के लिए कोई जादू की छड़ी नहीं हो सकती. इसके लिए निरंतर प्रयास और उत्तम टीम वर्क की आवश्यकता होती है।

**-त्रिवेणी-**

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# जिला शिक्षा अधिकारी को राज्य शासन के द्वारा किया गया निलंबित

» उक्त आदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने अवर सचिव के द्वारा किया गया है जारी


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती घटना
-कोरबा-सूरजपुर-समाचार
अम्बिकापुर, सोमवार 14 अगस्त 2023
6

शिक्षा विभाग के अफसर शासन के आदेशों और नियमों को दरकिनार कर चला रहे अपनी मनमानी

शिक्षा विभाग में ही हावी भ्रष्टाचार तो,शिक्षा के मंदिरों का उद्धार कैसे हो पाएगा

-ओंकार पांडेय-
सूरजपुर,13 अगस्त 2023
(घटती घटना)

मान्यता हेतु सभी मापदंड आवश्यक

- ओंकार पांडेय -
सूरजपुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को राज्य शासन के द्वारा निलंबित कर दिया है । उक्त आदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने अवर सचिव के द्वारा जारी किया गया है । उन पर मनमानी का आरोप है। जिसका खबर घटती घटना ने 14अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था । उल्लेखनीय है कि दो दो जिलों का प्रभार सम्हाल रहे विवादित जिला शिक्षा अधिकारी को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है। बताया गया है वे सरकार के दिशा निर्देशों के बावजूद मनमानी तरीके से काम कर रहे थे।उन पर करीब 34 लाख रुपए के गड़बड़ी का आरोप है। बताया गया है कि ÷राज्य में मिलेट का उपार्जन किया जा रहा है। शासन की संस्था सी-मार्ट के माध्यम से भी मिलेट विक्रय हेतु निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। अतः स्थानीय स्तर पर स्व-सहायता समूहां के माध्यम से वन विभाग द्वारा उपार्जित सामगी से खाद्य पदार्थ जैसे रागी लड्डू, मिलेट बार, मिलेट चिवड़ा, खिचड़ी, पुलाव आदि बनवाकर भण्डार क्रम नियम 8 एवं उनके उप नियमों का पालन करते हुए छात्र-छात्राओं को वितरण किया जाना है। भारत सरकार की गाइडलाईन की कंडिका-3.6(ii) अनुसार भी प्रधानमंत्री पोषण का संचालन स्व-सहायता समूहों के द्वारा कराया जा सकता है। मिलेट्स से तैयार किये जा सकने योग्य व्यंजनों की सूची संलग्न है। निर्देश था कि किसी भी स्थिति में बाजार में उपलब्ध रेडीमेड खाद्य सामग्री का क्रय कर वितरण नहीं किया जाना है÷ मगर शासन आदेश निर्देश के विपरीत जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर ने शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वर्ष 2022-23 में फूलेक्सी मद से मिलेट्स आधारित खाद्य आपूर्ति किये जाने हेतु प्रदायकर्ता ऐजेन्सी सी-मार्ट, सूरजपुर से राशि रू. 34,00,792.00 (चौतीस लाख सात सौ ब्यानबे स.) की खरीदी की गई।




उक्त अनियमित कार्यवाही हेतु राम ललित पटेल (मूल पद- प्राचार्य) प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर की मुख्य रूप से सहभागिता परिलक्षित हुई है। राम ललित पटेल (मूल पद-प्राचार्य) प्रभारी जिला सूरजपुर का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा ( आचारण) नियम, 1965 के नियम-3 के विपरीत कदाचार की श्रेणी में आता है। राज्य शासन ने इसी मामले में राम ललित पटेल (मूल पद- प्राचार्य) प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम-9(1)(क) के तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा इनका मुख्यालय संभागीय संयुक्त संचालक (शिक्षा) सरगुजा नियत किया गया है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों घटती घटना ने इनके मनमानी व भ्रष्ट कार्यशैली को लेकर सवाल भी खड़े किए थे।

## महिला की संदिग्ध मौत,मायके वाले ने पति पर लगाया हत्या का आरोप



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर के आश्रित ग्राम लवइडिह में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। महिला के मायके वालों ने पति पर मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं मृतका के पति का कहना है कि गिरने से उसकी मौत हो गई है। जबकि उसके आंख व चेहरे पर चोट के निशान पाए गए हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई के लिए पीएम रिपोर्ट का इंतेजार कर रही है।

जानकारी के अनुसार रामबाई पति विफल राम उम्र 30 वर्ष दरिमा थाना क्षेत्र के ग्राम रेवापुर के आश्रित ग्राम लवइडिह की रहने वाली थी। गुरुवार को विफल ने दरिमा थाना पहुंचकर बताया कि मेरी पत्नी की मौत गिरने से हो गई है। वह डेम में नहाने के दौरान गिर गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की। इधर सूचना पर मृतका के पिता भी उसके घर पहुंचा। बेटी की लाश देकर उसके पिता ने उसके पति पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता का कहना है कि उसके आंख व शरीर में चोट के निशान है। वहीं पुलिस फिलहाल इस मामले में मर्ग कायम कर पीएम रिपोर्ट का इंतेजार कर रही है।

## यूपी पुलिस व स्थानीय लोगों के बीच बनी मारपीट की स्थिति,थाने में आक्रोश




- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

स्थानीय पुलिस को बिना सूचना दिए उत्तर प्रदेश इटावा के क्राइम ब्रांच बताकर अंबिकापुर के मणिपुर थाना क्षेत्र में एक घर में घुसकर लोगों से अभद्र व्यवहार व मारपीट का मामला सामने आया है। मारपीट व अभद्र व्यवहार का कृत्य देखकर स्थानीय लोग काफी संख्या में वहां पहुंच गए। लोगों को देखते ही कथित रूप से खुद को उत्तर प्रदेश इटावा की पुलिस बता रहे लोग मणिपुर थाने पहुंचे। वहीं स्थानीय लोग भी मारपीट व अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत लेकर थाने पहुंच गए। घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वहीं सूचना पर पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा सहित काफी संख्या में पुलिस बल मणिपुर थाने में तैनात रहे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड भी हुई है। मामले में पूछताछ जारी है। घटना को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों के आक्रोश को देखते हुए मणिपुर थाना का मुख्य द्वार भी पुलिस ने बंद करके दिया है। मणिपुर थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि यूपी पुलिस द्वारा आने की सूचना नहीं दी गई थी। बिना स्थानीय पुलिस की मदद से यूपी पुलिस दर्रीपारा स्थित एक घर में घुसकर तलाशी कर रही थी। घर वालों द्वारा पुलिस से आईडी की मांग की गई तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मामले की जांच की जा रही है।

## फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार




- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कुछ दिन पूर्व कोतवाली पुलिस ने दरिमा चौक के समीप से एक लक्जरी कार से 85 किलो 510 ग्राम गांजा जब्त किया था। वहीं तस्तर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए थे। तस्करों के फरार हो जाने के बाद पुलिस पर कई सवाल खड़े हो रहे थे। वहीं पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।

आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी के निर्देशन में टीम का गठन किया गया था। तकनिकी जानकारी प्राप्त कर पुलिस टीम ने संदिग्ध की घेराबंदी कर पकडक़र पूछताछ किया गया जो संदेही द्वारा अपना नाम टिकेश्वर यादव पिता चक्रधर यादव उम्र 26 वर्ष निवासी सिहारधार थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ का होना बताया जो आरोपी से घटना के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर घटना कारित करना स्वीकार किया। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दूसरे आरोपी अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। निरीक्षक अर्जुन यादव, सहायक उप निरीक्षक कृष्णा यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक जयदीप सिंह, जितेश साहू, सुयश पैकरा, रुपह महंत, इदरीश खान, कुंदन सिंह, शिव राजवाड़े, रमेश राजवाड़े शामिल रहे।

## भीषण सडक़ हादसे में कार सवार दो दोस्त की मौत,कार के उड़े परखच्चे

- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

नेशनल हाइवे अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर स्थित ग्राम गोंदा व दुरती के बीच मोड़ के शुक्रवार की दोपहर करीब 12.30 बजे कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे पेड़ जाकर टकरा गई। दुर्घटना इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचाना पर पहुंची प्रतापपुर पुलिस ने जेसीबी की मदद से वाहन में फंसे दोनों शवों को बाहर निकलवाकर अस्पताल भिजवाया गया। मृतक दोनों आपस में दोस्त थे और एक ही गांव के थे। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजन सदमे में हैं।

जानकारी के अनुसार फुलेश्वर राजवाड़े उम्र 21 वर्ष व रामकुमार रजक उम्र 18 वर्ष प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोंदा के रहने वाले थे। दोनों दोस्त थे और शुक्रवार को कार से जरही गए थे। वहां से काम निपट कर दोनों वापस घर लौट रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे नेशनल हइवे अंबिकापुर-बनारास मार्ग पर स्थित गोंदा व दुरती के बीच बांस बाड़ी मोड़ के पास कार अनियंत्रित हो गई और सडक़ किनारे पेड़ जा टकराई। दुर्घटना इतना जबरदस्त



था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई और शव वाहन में फंस गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी प्रतापपुर पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की।

### जेसीबी की मदद से निकाला गया शव

भीषण सडक़ हादसे में कार के जहां परखच्चे उड़ गए वहीं दोनों युवकों की लाश वाहन में ही फंस गया। सूचना पर पहुंची प्रतापपुर पुलिस ने जेसीबी बुलवाकर काफी मशक्कत के बाद दोनों शवों को वाहन से बाहर निकलवाई और पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। दुर्घटना का कारण तेज रफ्तार बनाया जा रहा है। कार की गति तेज होने के कारण सडक़ पर गढ़े से बचाने के लिए वाहन अनियंत्रित हो गया और सीधे पेड़ से जाकर टकरा गई।

### मृतक एक ही गांव के थे दोनों

मृतक फुलेश्वर राजवाड़े और रामकुमार रजक दोनों ग्राम गोंदा के ही थे और दोनों आपस में दोस्त थे। हादसे में दोनों युवकों की मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। वहीं परिजन सदमे में हैं।

## पिकअप चालक ने पांच को रौंदा
### एक नाबालिक बच्चे की मौत

- संवाददाता -
उदयपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

सरगुजा के उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत केदमा रोड पर एक पिकअप चालक द्वारा कई लोगों को दुर्घटना कर फरार हो गया जिसमें एक नाबालिक बच्चे की मौत हो गई। मामला उदयपुर के नजदीक ग्राम पुटा में करीब शाम 7 बजे कुमदेवा निवासी रामविलास अग्रवाल का पिकअप क्रमांक सीजी 15 ए 5767 के चालक द्वारा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए ग्राम बैगापारा के बाद सरना के पास जाते हुए बाइक सवार दलसाय को रफ्तार पिकअप से बचने के चक्कर में खेत में जा गिरा।




पिकअप चालक का रफ्तार के कारण दो मोटरसाइकिल में रामनगर के माया सिंह पिता चेतन 24 वर्ष एवं बलू 19 वर्ष का आमने-सामने भिड़ंत होने के कारण पैर टूटने एवं गंभीर चोटें आने से हालत गंभीर हो गई मोटरसाइकिल का भी भारी नुकसान हुआ है। पिकअप चालक द्वारा कई राहगीरों को सडक़ पर परेशान करते हुए ग्राम सानीबररा में गणेश विसर्जन देखकर जा रहे लक्ष्मणगढ़ के तीन बच्चों को पिंटू पिता बुदरु 18 वर्ष ठिभू पिता बुदरु 14 वर्ष विकेश पिता सोनेलाल 11 वर्ष को रौंदते हुए फरार हो गया जिससे तीनों बच्चों का पैर कई जगहों पर टूट गया एवं गंभीर चोटे आई उदयपुर से आ रहे पत्रकार नेपाल यादव द्वारा एंबुलेंस ना मिलने की वजह से अपनी गाड़ी स्कॉर्पियो में तीनों बच्चों को बोरे की तरह भर कर ले जाना पड़ा तत्काल युवा नेता मनीष पांडे को जानकारी अवगत कराया गया। उन्होंने उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर डॉक्टरो को तैयार कर मरहम पट्टी करा कर एंबुलेंस का व्यवस्था कराया गंभीर स्थिति को देखते हुए अंबिकापुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचकर नाबालिक विकेश कुमार मौत हो गया और चार का हालत गंभीर है इधर पुलिस टीम एवं हाथी विचरण क्षेत्र में नाकाबंदी कर ड्यूटी कर रहे फॉरेस्ट की टीम के द्वारा फरार हो रहे पिकअप चालक को अफरा-तफरी में सुखरीभंडार के हनुमान मंदिर पास पकड़ा गया देखते देखते मौके पर 30-35 की संख्या में भीड़ जमा हो गई और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई मौके पर पहुंची पुलिस टीम के द्वारा पिकअप एवं चालक को बैढाकर थाने ले गई अब देखना यह है कि प्रशासन नाबालिक पढ़ने वाले बच्चे के परिवार को क्या मदद करती है और तेज रफ्तार पिकअप चालक के ऊपर क्या कार्रवाही करती है।

## हत्या के फरार आरोपी जीजा-साला हुए गिरफ्तार

- संवाददाता -
लखनपुर,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी पुलिस चौकि अंतर्गत वनांचल क्षेत्र के ग्राम पटकुरा में महिला से छेड़छाड़ के मामले में महिला के पति को जीजा साला ने टांगी से प्राण घातक हमला कर लहूलुहान कर दिया अंबिकापुर में उपचार के दौरान मौत हो गई हत्या के मामले में लखनपुर और कुन्नी पुलिस की संयुक्त टीम ने फरार आरोपी जीजा साला को गिरफ्तार करते हुए 22 सितंबर दिन शुक्रवार को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। मिली जानकारी के मुताबिक 18 सितंबर की रात सुखनी बाई रात्रि 11:00 बजे सहपरिवार के साथ खाना खाकर सोई थी। सौच लगने पर वह घर के आंगन में निकली रामसाय कोरवा पहले से खड़ा था गलत काम करने के नियत से आंगन में प्रथिया महिला सूखनी बाई को पकड़ा इस दौरान सुखमनी बाई के जोर से चिल्लने पर महिला का पति देवसाय कोरवा और पुत्र सुखसाय बाहर आंगन में आए आरोपी रामसाय कोरवा को देखकर फटकार लगाई




गुस्से में आकर रामसाय कोरवा ने महिला के पति देवसाय कोरवा को हाथ मुक्के से मारपीट करते हुए जमीन पर पटक दिया और आरोपी रामसाय कोरवा अपने साले तेजेश्वर कोरवा को आवाज देकर बुलाया तेजेश्वर कोरवा पहुंचा और आंगन में रखे टांगी से महिला के पति देव साय के सर चहेरे कनपटी पर कई बार टांगी से प्रहार किया जिससे देवसाय बेहोश हो गया बीच बचाव कर रहे महिला के पुत्र सुखसाय कोरवा के पीठ में टांगी से प्रहार कर दिया जिससे वह भी घायल हो गया। और आरोपी जीजा साला मौके से फरार हो गए परिजनो द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से घायल देवसाय कोरवा को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।जहां 19 सितंबर की रात इलाज के दौरान देव साय कोरवा की मौत हो गई।महिला के द्वारा कुन्नी पुलिस चौकी पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया। कुन्नी पुलिस ने धारा 354 ,323, 302, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीकृत करते हुए आरोपियों के खोजबीन में जुटी हुई थी। सूचना मिलने उपरांत कुन्नी और लखनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने घेराबंदी करते हुए आरोपी रामसाय कोरवा पिता स्व मंगरू कोरवा उम्र 35 निवासी पटकुरा तेजेश्वर कोरवा पिता रामदेव कोरवा उम्र 25 वर्ष रेहमला निवासी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया और साक्ष्य सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर 22सितंबर दिन शुक्रवार को न्यायिक डिमांड पर जेल भेजा है। इस पूरी कार्यवाही में लखनपुर थाना प्रभारी एल आर चौहान कुन्नी चौकी प्रभारी राजेश्वर महंत सहायक उप निरीक्षक अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक सुरजीत कोर, सोन साय भगत, महेंद्र राजवाड़े, गोविंद सहित अन्य स्टाफ सक्रिय रहे।

## सडक़ पर हाथी, एक-एक कर किया सडक़ पार,
### प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग में रोकना पड़ा आवागमन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर-कल्याणपुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर ?हाथियों की अमद से घंटों आवागमन बंद रहा। बता दें कि धान की फसल तैयार होने के साथ ही जंगली हाथियों का दल आबादी क्षेत्रों के निकट पहुंच रहा है। प्रतापपुर क्षेत्र में विचरण कर रहे चार हाथी अंबिकापुर-कल्याणपुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर आ गए।अचानक जंगली हाथियों के सडक़ के किनारे आ जाने से आवागमन रोकना पड़ा। कुछ देर तक सडक़ के आसपास विचरण करने के बाद जंगली हाथी एक-एक कर सडक़ पार कर दूसरी ओर चले गए। प्रतापपुर के गणेशपुर के पास मुख्य मार्ग को पार करते जंगली हाथियों की वीडियो इंटरनेट मीडिया वायरल हो रहा है।वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शुरू में दो जंगली हाथी बड़े आराम से सडक़ पार करते नजर आ रहे है। शेष दो जंगली हाथी तेजी से दौड़ लगाते हुए सडक़ के दूसरी ओर चले गए। बता दें कि इन दिनों हाथियों का यह दल प्रतापपुर क्षेत्र में ही विचरण कर रहा है।

CMYK

# जयशंकर ने जापानी समकक्ष से की मुलाकात; क्वाड नेताओं ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए जताई प्रतिबद्धता

**वॉशिंगटन,22 सितम्बर 2023 ।** न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर क्वाड समूह के देशों भारत,ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों ने मुलाकात की। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा ने भाग लिया।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के दौरान जापान के विदेश मंत्री योको कामिकावा से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया, यूएनजीए 78 में जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा से मिलकर खुश हूं। हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हमारे क्षेत्रीय, बहुपक्षीय और वैश्विक सहयोग और उन्हें आगे ले जाने पर चर्चा की गई।

वहीं अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने ट्वीट में कहा, यूएनजीए 78 से इतर ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के अपने




साथी क्वाड विदेश मंत्रियों के साथ शामिल होकर अच्छा लगा। क्वाड एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है, और हमने संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। क्वाड विदेश मंत्रियों ने एक साझा बयान में कहा, क्वाड एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराता है जो समावेशी और लचीला है। हम क्वाड नेता 20 मई 2023 को हिरोशिमा में व्यक्त किए गए दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए फिर से प्रतिबद्ध हैं। बयान में हिंद प्रशांत क्षेत्र को लेकर कहा गया, यह शांतिपूर्ण और समृद्ध, स्थिर और सुरक्षित है, धमकियों और जबरदस्ती से मुक्त है। बयान में कहा गया है, हम स्वतंत्रता के सिद्धांतों, कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का दृढ़ता से समर्थन करते हैं; और यथास्थिति को बदलने के एकतरफा प्रयासों का विरोध करते हैं। हम हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखना और मजबूत करना चाहते हैं, जहां प्रतिस्पर्धा का प्रबंधन जिम्मेदारी से किया जाता है।

## सबूत देने में नाकाम ट्रूडो,कनाडा ने इस आधार पर लगाए भारत पर निज्जर की हत्या में शामिल होने के आरोप

**ओटावा,22 सितम्बर 2023 ।** कनाडा ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत के शामिल होने का आरोप लगाया है। हालांकि, इस मामले में कनाडा जरूरी सबूत देने में नाकाम रहा है। इन सब के बीच अब कनाडा की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि कनाडा ने कुछ भारतीय अधिकारियों की बातचीत को इंटरसेप्ट किया है और उसी के आधार पर उसने भारत पर आरोप लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी बताया गया है कि इस निगरानी के काम में एक पश्चिमी देश ने भी कनाडा की मदद की है।



**कनाडा ने इस आधार पर लगाए भारत पर आरोप**

कनाडा के मीडिया सीबीसी न्यूज ने गुरुवार को दावा किया कि कनाडा की जांच एजेंसियों ने महीने भर की जांच के बाद मानवीय और सिग्नल संबंधी खुफिया जानकारी इकट्ठा की हैं। इसमें कहा गया है कि भारतीय अधिकारियों, जिनमें भारतीय राजदूत भी शामिल हैं, उनके बीच हुई बातचीत को इंटरसेप्ट किया गया। उसी के आधार पर कनाडा ने आरोप लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि एक अन्य पश्चिमी देश ने भी इस काम में कनाडा की मदद की है।

**एक पश्चिमी देश द्वारा कनाडा की मदद का भी दावा**

रिपोर्ट में बताया गया है कि फाइव आइज गठबंधन में शामिल एक देश ने कनाडा को कुछ इनपुट मुहैया कराए हैं। बता दें कि फाइव आइज गठबंधन में कनाडा के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। सीबीसी की रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि कनाडा की राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और खुफिया सलाहकार जोडी थॉमस ने अगस्त में चार दिनों के लिए और सितंबर में पांच दिनों के लिए भारत का दौरा किया।

## भारतीय मूल का व्यक्ति गिरफ्तार, कॉफी शॉप में उपद्रव करने का आरोप



**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023 ।** कॉफी शॉप में सिंगापुर के झंडे का अपमान और ग्राहकों से अभद्रता के मामले में भारतीय मूल के व्यक्ति को जेल भेजा गया। व्यक्ति पर आरोप है कि उसने सिंगापुर के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया है। मामले में आरोपी को दोषी ठहराया गया। जिसके बाद आरोपी को दो सप्ताह जेल में ही बिताने होंगे।

### पहले भी कर चुका है आरोपी लोगों से अभद्रता

द स्ट्रैट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई माह में भी अन्य कॉफी शॉप में भारतीय मूल के आरोपी ने लोगों से साथ अभद्रता की थी। जिसके कारण आरोपी को पांच दिनों की जेल की सजा सुनाई गई थी।

राज्य अभियोजन अधिकारी टिंग नेगे कोंग ने कहा, 5 सितंबर को आरोपी द्वारा सिंगापुर के राष्ट्रध्वज का अपमान करते हुए पाया गया। उसी दौरान कॉफी शॉप में मौजूद ग्राहकों से अभद्रता भी की। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को फोन कर मामले की जानकारी दी। पुलिस द्वारा आरोपी को रुकने की सलाह दी गई, लेकिन वह अभद्रता करता रहा।

### क्या कहता है सिंगापुर का कानून?

सिंगापुर के कानून के मुताबिक, सार्वजनिक उपद्रव के दोषी पाए जाने वालों पर 2,000 सिंगापुर डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। दूसरी या बाद की सजा पर, अपराधियों को तीन महीने तक की जेल हो सकती है या 2,000 सिंगापुर डॉलर तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

## व्यापारी काफिले की बस पर बंदूकधारियों ने बरसाई गोलियां,नौ लोगों की मौत



**अकरा,22 सितंबर 2023।** पश्चिम अफ्रीकी देश घाना के ऊपरी पूर्व क्षेत्र में व्यापारी काफिले की बसों पर अज्ञात बंदूकधारियों के एक समूह की गोलीबारी में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और कुछ अन्य को घायल कर दिया। पुसिगा के जिला मुख्य कार्यकारी जुबेरू अब्दुलाई ने देर रात मीडिया को यह जानकारी दी है।

अब्दुलाई ने कहा कि पीड़ितों पर उस समय हमला हुआ जब वे ऊपरी पूर्व क्षेत्र के एक अशांत शहरी समुदाय बावकू से पड़ोसी बुर्किना फासो के एक बाजार केंद्र की ओर जा रहे थे। उन्होंने कहा, बावकू और उसके आसपास सशस्त्र हमलों के कारण व्यापारी पुलिस एस्कॉर्ट के साथ एक काफिले में थे, जब अज्ञात बंदूकधारियों ने अचानक पुसिगा के आसपास बसों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा सेवाओं ने त्वरित कार्रवाई की और सुरक्षा कड़ी करते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। अभी तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## नवाज-जरदारी समेत कई बड़े नेताओं पर मंडरा रहा संकट, फिर से शुरू होगी भष्टाचार के 80 मामलों की सुनवाई

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, शहबाज शरीफ सहित पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली पर एक बार फिर संकट मंडरा रहा है। शुक्रवार को जारी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के मामलों को फिर से खोला जाएगा, जिसमें 80 हाई-प्रोफाइल केस शामिल हैं। भ्रष्टाचार रोधी कानून में हालिया संशोधन को सुप्रीम कोर्ट की तरफ से खारिज किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह केस नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) की पिछली सरकार द्वारा भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों में किए गए संशोधनों के परिणामस्वरूप बंद किए गए सैकड़ों मामलों में से एक हैं।

डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, एनएबी अभियोजन ने इस्लामाबाद में जवाबदेही अदालत को 80 मामलों का रिकॉर्ड सौंपा है। कई अन्य को रावलपिंडी और क्वेटा की जवाबदेही अदालतों में वापस भेज दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद अधिकारियों और व्यापारियों के खिलाफ



लगभग 2,000 मामले फिर से खोले जा रहे हैं, जो पहले बंद कर दिए गए थे।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान की ओर से पिछले साल दायर याचिका पर यह फैसला सुनाया था। याचिका में पूर्व पीएम शहबाज शरीफ की तत्कालीन सरकार की तरफ से जवाबदेही कानूनों में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई थी

**इन मामलों पर होगी सुनवाई**

स्थानीय जवाबदेही अदालत को भेजे गए 80 मामलों में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता जरदारी के खिलाफ पार्क लेन मामला, यूनिवर्सल सर्विसेज फंड्स, जिसमें पूर्व प्रधान मंत्री सैयद यूसुफ रजा गिलानी और अन्य संदिग्ध हैं। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के खिलाफ रेंटल पावर प्रोजेक्ट्स मामला और बेनजीर इनकम सपोर्ट प्रोग्राम की पूर्व अध्यक्ष फरजाना राजा का मामला शामिल है।

पूर्व प्रधान मंत्री शौकत अजीज के खिलाफ मामले और जरदारी और ओमनी समूह के निदेशकों के खिलाफ फर्जी खातों के मामले भी फिर से शुरू हो गए हैं।

**दोनों पीएम की फिर बढ़ी मुश्किलें**

पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ को भी उन मामलों का सामना करना पड़ेगा जो आम चुनाव से पहले पिछले महीने नेशनल असेंबली को भंग करने की सिफारिश करने से पहले पीएमएल-एन पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के कारण बंद हो गए थे।

पीएमएल-एन के एक वरिष्ठ नेता ने गुरुवार को कहा कि संयोग से, नवाज शरीफ की अगले महीने लंदन से वापसी, लगभग चार साल का निर्वासन समाप्त करना, उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों को बहाल करने के साथ संभवतः सवालों के घेरे में है। पीएमएल-एन को लगता है कि इससे तीन बार के पूर्व प्रधान मंत्री के लिए उनकी नियोजित वापसी और आम चुनावों में पार्टी का नेतृत्व करने से पहले कुछ कानूनी निहितार्थ हो सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल महिला टीम में सरगुजा की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता का हुआ चयन

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।** 41वीं सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता हरियाणा में 21 से 24 सितम्बर तक आयोजित होने वाली है। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिला नेटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी खुशबू गुप्ता का चयन हुआ है। जो छत्तीसगढ़ सीनियर नेटबॉल महिला टीम का हरियाणा में प्रतिनिधित्व करेगी। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि हरियाणा में आयोजित होने वाली सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की खिलाड़ी खुशबू गुप्ता का चयन हुआ है। खुशबू एक प्रशिक्षक के रूप में माउंट लीटेरा जी स्कूल अंबिकापुर में पदस्थ है और बच्चों को नेटबॉल का अभ्यास करती है। यह बड़ी उपलब्धि है कि हमरे जिला की खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं।



## एमसीएमसी की टीम करेगी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की निगरानी

» **एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज के मामलों की निगरानी एवं कार्रवाई करने का करेगी कार्य**
» **एफएसटी टीम रहेगी क्रियाशील**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आदर्श आचरण संहिता अनुपालन, संपत्ति विरूपण, मीडिया संबंधी विषय, फेक न्यूज, साईबर सेल, सोशल मीडिया सेल एवं पोस्टल बैलेट के संबंध में कलेक्टर्स की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने कहा कि आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण को हटाने के लिए दल का गठन करें। प्रथम 24 घंटे में सभी शासकीय संपत्तियों में से विरूपण हटाया जाएगा। प्रथम 48 घंटे में सभी सार्वजनिक संपत्तियों से विरूपण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रथम 72 घंटे में सभी निजी संपत्तियों से विरूपण हटाया जाएगा। आदर्श आचरण संहिता लागू होते ही 24 ङ्क 7 कंट्रोल रूम प्रारंभ किया जाएगा। सभी एफएसटी क्रियाशील हो जाएंगे। मीडिया सेंटर का कार्य प्रारंभ हो जाएगा। सरकारी वाहनों का गैर सरकारी उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। सभी निगम मंडल के राजनीतिक पदाधिकारियों के वाहनों को अधिग्रहित कर लिया जाएगा। सरकारी खर्चे पर लगाए गए सभी विज्ञापन, होर्डिंग हटाए जाएंगे।



डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शारदा अग्रवाल ने प्रजेंटेशन के माध्यम से मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के संबंध में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एमसीएमसी की टीम पेड न्यूज के मामलों की निगरानी एवं कार्रवाई करने का कार्य करेंगी। सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के पूर्व प्रमाणन का कार्य भी करेंगी। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया मॉनिटरिंग का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व कोई चुनाव संबंधी सामग्री इलेक्ट्रॉनिक एवं संबंधित मीडिया पर प्रदर्शित नहीं की जाएगी। प्रिंट मीडिया हेतु पीसीआई के निर्देशों का पालन किया जाएगा। भ्रामक एवं अर्नगल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति एवं मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। निर्वाचन की घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियता पूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## बैग लेस डे पर सभी बच्चे अब एक ही यूनिफॉर्म में दिखेंगे

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।** पूर्व माध्यमिक शाला तिवरागुड़ी में कुमारी ममता वर्मा शिक्षिका के द्वारा अपने बड़े भाई स्वर्गीय महेश कुमार वर्मा के स्मृति में विद्यालय में दर्ज समस्त बच्चो को टी शर्ट का वितरण किया गया। जिसका उपयोग बैग लेस डे शनिवार को सभी बच्चे एक ही यूनिफार्म में पहुंच के योग आदि गतिविधियों को विद्यालय में करेंगे। इस अवसर पर श्री पंडित भारद्वाज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, श्री पीतांबर सिंह संकुल प्राचार्य, श्री घनश्याम दुबे बीआरपी, श्री दीवान सिंह जन शिक्षक, श्री संत लालयादव प्रधान पाठक के उपस्थिति में संपन्न हुआ। संकुल प्राचार्य मरावी ने ममता वर्मा के सोच व कार्य की सराहना करते हुए बच्चों को नियमित विद्यालय आकर अध्ययन करने की सलाह दी, घनश्याम दुबे ने इस तरह की सुविधा शासकीय स्कूल के बच्चों को मिलने से बच्चों का उत्साह बढ़ेगा तथा बच्चे उत्साहित होकर पढ़ेंगे एवं गुणवत्ता का विकास होगा। पंडित भारद्वाज ने कुमारी ममता वर्मा के पदस्थ से ही नवाचार कर विद्यालय को सुसज्जित करने, पुस्तकालय की व्यवस्था करने, बागवानी की व्यवस्था करने, शून्य नवाचार कर अध्यापन कर बच्चों के गुणवत्ता सुधार हेतु किए गए।

# शहर की सफाई में अव्वल अम्बिकापुर अब मोबाइल की स्वच्छता पर करेगा काम

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।** शहर की सफाई के साथ-साथ अब अम्बिकापुर नगर निगम मोबाइल, कम्प्यूटर और टैबलेट जैसे उपकरणों के अनुपयोगी डाटा के सफाई का अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत लोगों को अपने मोबाइल में पड़े बेकार के डेटा और एप्लिकेशन को रिमूव करने और उपयोगी डाटा संरक्षित रखने की सलाह दी जा रही है। पहले चरण में स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं को मुहिम से जोडक़र जागरूक किया जा रहा है। नगर निगम को यह इनोवेटिव आइडिया भी एक 8 वीं की छात्रा ने दिया है। निगम के अधिकारियों ने बताया कि हम आज एक बड़े सफाई अभियान के लिए राजमार्गों पर उतरने के लिए पूरी तरह तैयार थे, लेकिन बारिश के कारण सभी लोग उपस्थित नहीं हो पा रहे थे, तभी होली क्रॉस विद्यालय के कुछ छात्रों ने अनोखी बात पर चर्चा शुरू की, इसके बाद हम अपने डिजिटल परिदृश्य को साफ करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इस अनोखी सोच को राज्य शहरी विकास अभिकरण के साथ साझा कर 'डिजिटल डिटॉक्स ए स्टे-एट-होम स्वच्छता मिशन' अभियान पूरे प्रदेश में प्रारंभ किया गया।

### डिजिटल डिटॉक्स क्या है?

आपको आश्चर्य होगा कि हम बिना सोचे-समझे कितनी डिजिटल अव्यवस्था जमा कर लेते हैं अप्रयुक्त ऐप्स, भूली हुई फाइलें और यहां तक कि उपेक्षित फोल्डर भी। यह सब भंडारण लेता है और आपके उपकरणों को अधिक ऊर्जा का उपयोग करके अधिक



मेहनत करने के लिए मजबूर करता है। इस डिजिटल अव्यवस्था को दूर करके, आप वास्तव में अपनी डिवाइस पर डिजिटल अपशिष्ट कटौती का अभ्यास कर सकते हैं।

### आपको इसमें क्यों शामिल होना चाहिये

ऊर्जा बचाएं छोटे डिजिटल फुटप्रिंट से ऊर्जा का उपयोग कम होता है, जो हमेशा एक अच्छी बात है। एक सुव्यवस्थित डिजिटल वातावरण आपके गैजेट को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है। उन्नत सुरक्षा अप्रयुक्त या पुरानी फाइलें और ऐप्स हैकर्स के लिए प्रवेश द्वार हो सकते हैं, इसलिए उनसे छुटकारा पाएं। लागत बचत अतिरिक्त मेमोरी, स्टोरेज या नए उपकरणों की कम आवश्यकता का मतलब है आपकी जेब में अधिक पैसा बचे साथ इलेक्ट्रॉनिक कचरा में कमी हो, इसलिए अपील की जा रही है कि आगे बढ़ें और अपने फोन, लैपटॉप और क्लाउड स्टोरेज को बहुत जरूरी साफ-सुथरा बनाएं, याद रखें, एक स्वच्छ डिजिटल डिवाइस रखे।

हॉली क्रॉस स्कूल में पढने वाली 8 वीं की छात्रा समृद्धि ने कहा कि शहर के साथ मोबाइल और टैबलेट को भी साफ रखना चाहिए कई तरह की फाइलो का कचरा अनुपयोगी एप्स डाउनलोड करने से मोबाइल हैंग होता है। जरुरी डाटा समय पर नहीं मिलता है। अगर हम अपने मोबाइल को क्लीन रखेंगे तो काम करने में आसानी होगी और मोबाइल भी जल्दी खराब नही होगा। छात्रा का यह सुझाव बेहतर था। हमने अपने अधिकारियों से इसकी चर्चा की सभी ने इस आइडिया को सराहा और इसके बाद इसे डिजिटल डिटॉक्स का नाम देकर जागरूकता शुरू कर दी गई है।

# बैकुण्ठपुर के शर्मा हॉस्पिटल के संचालक को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने थमाया नोटिस

## तीन दिवस में जवाब देने किया आदेशित...

### शर्मा हॉस्पिटल की विभिन्न कमियों और नियम विरुद्ध जारी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर शिकायतकर्ता संजय अग्रवाल की शिकायत पर जारी हुआ है नोटिस

### आरोप सभी सही तो क्या भाजपा नेता होना उन्हे देता है बिना किसी अनुमति बिना पंजीयन हॉस्पिटल संचालन की छूट?

### जारी नोटिस अनुसार जवाब स्पष्टीकरण संतोषप्रद नहीं होने पर संचालक के विरुद्ध नर्सिंग होम एक्ट सहित पीसीपी एन डी टी एक्ट के तहत हो सकती है वैधानिक कार्यवाही नोटिस में है ऐसा उल्लेख

#### शिकायतें सामने आती रहीं और बात दबती चली गई, क्या उसके पीछे की वजह उनका राजनीतिक पकड़ है?

वैसे शर्मा हॉस्पिटल के संचालक जो की भाजपा के बड़े नेताओं में अपनी गिनती कराते हैं और अब उनकी मंशा भी चुनाव लड़ने की बन रही है उनकी राजनीतिक पकड़ ही उन्हे कई मामलों में बचाती चली आ रही है ऐसा बताया जा रहा है। शर्मा हॉस्पिटल जिले खासकर जिला मुख्यालय का एक ऐसा निजी हॉस्पिटल है जहां या जिसकी कई बार शिकायतें सामने आती रहीं और बाद में बात दबती चली गई और उसके पीछे की वजह उनका राजनीतिक पकड़ बताया गया और इसे ही उनका एक सुरक्षा कवच भी माना गया है। वैसे अब जिले के स्वास्थ्य विभाग प्रमुख ने हॉस्पिटल मामले में एक शिकायत के आधार पर नोटिस भेजा है संचालक को देखना है जवाब क्या आता है और संतोषप्रद जवाब नहीं होने पर स्वास्थ्य विभाग क्या कार्यवाही करता है। संजय अग्रवाल की ही शिकायत पर सही हॉस्पिटल संचालक को नोटिस भेजा गया है और तीन दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है वैसे माना यह भी जा रहा है की हॉस्पिटल संचालक डॉक्टर इस बीच कोई सेटिंग न कर लें अपने बचाव के लिए वह कोई जुगाड न कर लें क्योंकि उनकी पकड़ ऊंची है काफी ऊंची।

#### कई बार शर्मा हॉस्पिटल को लेकर आई है शिकायत सामने, पहली बार नोटिस जारी होने की सूचना हुई है सार्वजनिक

शर्मा हॉस्पिटल नियम विरुद्ध तरीके से बिना पंजीयन संचालित है और हॉस्पिटल के भवन को भी नगरपालिका से अनापत्ति प्राप्त नही है वहीं जिस भूमि पर हॉस्पिटल है वह भूमि भी व्यववर्तित नहीं है सोनोग्राफी मशीन भी खुद डॉक्टर ही चलाते हैं कई चिकित्सा कार्य डॉक्टर वहां स्वयं करते हैं जिसका उन्हे न तो अनुभव है और न उसकी योग्यता बावजूद कभी उनके विरुद्ध कोई बड़ी कार्यवाही हुई हो देखा सुना नही गया था,अभी जारी नोटिस के बाद यह कहा जा सकता है की अनियमितता को लेकर यह पहला नोटिस शर्मा हॉस्पिटल को जारी हुआ है वह भी एक शिकायत के बाद,अब शिकायतों को लेकर जो नोटिस दिया गया है हॉस्पिटल संचालक हो उसके बाद यदि तीन दिवस में संतोषप्रद जवाब नहीं मिलता है तो स्वास्थ्य विभाग जिला कोरिया क्या कार्यवाही करता है देखने वाली बात होगी,वहीं हॉस्पिटल एवम डॉक्टर शर्मा की तरफ से आठ बिंदुओ पर जो जवाब मांगा गया है उसको लेकर क्या जवाब दिया जाता है वह भी देखना है क्योंकि आरोप बड़े गंभीर हैं और यदि वह सही हैं तो क्या वर्षों से जिला मुख्यालय में हॉस्पिटल बिना किसी अनुमति वैध लाइसेंस के बिना यदि संचालित होता चला आ रहा तो यह स्वास्थ्य विभाग की अब तक की सबसे बड़ी लापरवाही के रूप में माना जायेगा।







कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला- कोरिया (छ.ग.)


घटती-घटना | कोरिया-एमसीबी-समाचार | अम्बिकापुर, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 | 5

विधायक निवास के सामने व जिला प्रशासन के नाक के नीचे

शर्मा अस्पताल नर्सिंग होम एक्ट नियम के विरुद्ध हो रहा है संचालित कैसे?

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के जिला मुख्यालय में स्थित शर्मा हॉस्पिटल को लेकर की गई शिकायत को लेकर जिले का स्वास्थ्य विभाग अब जाग चुका है ऐसा एक नोटिस जारी होने के बाद जो मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी ने शिकायतकर्ता संजय अग्रवाल की शिकायत के बाद जारी किया है, देखने को मिला है जिसमे शर्मा हॉस्पिटल के संचालक को तीन दिवस के भीतर नोटिस का संतोषप्रद जवाब देने आदेशित किया गया है और जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में संचालक के विरुद्ध संस्था के विरुद्ध नर्सिंग होम एक्ट एवम पी सी पी एन डी टी एक्ट के तहत अनुशासनात्मक एवम वैधानिक कार्यवाही किए जाने की बात लिखी गई है जो अब शर्मा हॉस्पिटल के लिए एक बड़ी मुसीबत के रूप में समाने देखा जा रहा है।

शहर के निवासी संजय अग्रवाल ने शर्मा हॉस्पिटल को लेकर एक शिकायत पत्र जिले के स्वास्थ्य विभाग को सौंपा है जैसा बताया जा रहा है और उसी शिकायत के आधार पर शर्मा हॉस्पिटल के संचालक से जिले के जिला स्वास्थ्य एवम चिकित्सा अधिकारी ने आठ बिंदुओ पर तीन दिवस के भीतर संतोषप्रद जवाब मांगा है। शर्मा हॉस्पिटल को नोटिस दिनांक 20 सितंबर 2023 को भेजा गया है और आज अंतिम दिवस है नोटिस अनुसार उनके पास जबाव प्रस्तुत करने का वह क्या जवाब देते हैं स्पष्टीकरण शिकायत मामले में वह क्या अपना देते हैं वह अब उनके स्पष्टीकरण के बाद ही सामने आ सकेगा लेकिन शर्मा हॉस्पिटल के ऊपर जिस तरह के आरोप लगाए गए हैं और यदि वह सही पाए जाते हैं तो हॉस्पिटल के ऊपर कार्यवाही तय मानी जा रही है वहीं अब एक सवाल और पूरे मामले में खड़ा हो रहा है की जब जिला मुख्यालय में नियम विरुद्ध तरीके से एक निजी हॉस्पिटल वर्षो से संचालित होता चला आ रहा है और यदि शिकायत अनुसार वहां नियम विरुद्ध तरीके से इलाज किया जा रहा है कई स्वास्थ्य सुविधाएं वहां बिना अनुमति लिए स्वास्थ्य विभाग से लोगों को उपलब्ध कराई जा रही हैं तो यह बड़ा गंभीर मामला है क्योंकि यह सीधा सीधा लोगों के जान से खिलवाड़ का मामला है और अब तक मामले में स्वास्थ्य विभाग ने स्वयं संज्ञान क्यों नहीं लिया किसी शिकायत का इंतजार उन्होंने क्यों किया यह सोचने वाली और संशय उत्पन्न करने वाला विषय माना जा रहा है।

#### नोटिस में किन आठ बिंदुओ पर मांगा गया है स्पष्टीकरण आइए देखते हैं एक नजर

बैकुंठपुर जिला मुख्यालय में स्थित शर्मा हॉस्पिटल और संचालक को मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा 20 सितंबर को आठ बिंदुओ पर एक नोटिस भेजा गया है जिसमे उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है आठ बिंदुओ पर,यह एक शिकायत के आधार पर भेजा गया नोटिस है शिकायत शहर के निवासी संजय अग्रवाल ने की है। आठ बिंदुओ में जो नोटिस भेजा गया है उसके अनुसार शर्मा हॉस्पिटल और उसके संचालक को तीन दिवस के भीतर जिन आठ बिंदुओ पर जवाब देना हैं उसमे प्रमुख रूप बिंदु यह है। उपरोक्त आठ बिंदुओ पर स्पष्टीकरण मांगा गया है और यह भी नोटिस में उल्लेखित है की जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में संचालक और संस्था के विरुद्ध नर्सिंग होम एक्ट सहित पी सी पी एन डी टी एक्ट के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

#### नोटिस के आठ बिंदु

**बिंदु नंबर 1-** शर्मा हॉस्पिटल नर्सिंग होम एक्ट में बिना लाइसेंस लिए ही हॉस्पिटल संचालित कर रहा है।

**बिंदु नंबर 2-** संचालक स्वास्थ्य सह समुचित पदाधिकारी पी सी पी एन डी टी संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ अपील आदेश क्रमांक/पी एन डी टी/2023/256/167 नवा रायपुर अटल नगर छत्तीसगढ़ दिनांक 27/04/2023 द्वारा जारी आदेश का उलंघन किया जा रहा है।

**बिंदु नंबर 3-** पर्यवेक्षी प्राधिकारी(नर्सिंग होम एक्ट) अपर कलेक्टर जिला कोरिया द्वारा दिए गए निर्देश के संदर्भ में मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया छत्तीसगढ़ द्वारा नर्सिंग होम एक्ट के अंतर्गत पंजीयन हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने बाबत पत्र क्रमांक/4019/न.हो ए./2023 बैकुंठपुर दिनांक 06/09/2023 को जारी किया गया था, उक्त संदर्भ में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसका जवाब समय पर देना सुनिश्चित करने ।

**बिंदु नंबर 4-** शर्मा हॉस्पिटल में नियम विरुद्ध पी सी सी एन डी टी एक्ट अंतर्गत पंजीयन के बिना डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा,डेंटिस्ट डॉक्टर अपराजिता,एवम डॉक्टर संकल्प शर्मा के द्वारा सोनो ग्राफी मशीन का संचालन किया जा रहा है,जो पी सी पी एन डी टी एक्ट का उलंघन है।

**बिंदु नंबर 5-** शर्मा हॉस्पिटल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम टी पी एक्ट अंतर्गत पंजीयन प्राप्त नहीं है,क्या इस संबंध में क्या शर्मा हॉस्पिटल में एम टी पी संबंधित कार्य संपादित किए जा रहे हैं यह भी जवाब मांगा गया है।

**बिंदु नंबर 6-** शर्मा हॉस्पिटल को पूर्व में आर एस बी आई /एम एस बी वाई (स्मार्ट कार्ड) में अनियमितता के कारण स्टेट नोडल एजेंसी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा निष्काशित किया गया है।

**बिंदु नंबर 7-** शर्मा हॉस्पिटल बैकुंठपुर को नर्सिंग होम एक्ट में पंजीयन नहीं होने के बावजूद जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत कार्य किया जा रहा है।

**बिंदु नंबर 8-** शर्मा हॉस्पिटल के संचालक निस्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर राकेश कुमार शर्मा का छत्तीसगढ़ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन है या नहीं।

#### सहायक संचालक नगर एवम ग्राम निवेश के समक्ष भी हुई शिकायत,हॉस्पिटल भवन एवम भवन भूमि पर निर्माण अनुमति मामले में की गई शिकायत

शर्मा हॉस्पिटल बैकूठपुर के संचालक की एक और शिकायत 22 सितंबर को सहायक संचालक नगर एवम ग्राम निवेश बैकुंठपुर कोरिया के समक्ष की गई है। शिकायत 6 बिंदुओ के आधार पर की गई है। इसमें यह उल्लेखित किया गया है और कार्यवाही की मांग की गई है की हॉस्पिटल जिस भूमि पर निर्मित है संचालित है उस भूमि को भवन निर्माण या व्यवसायिक उपयोग उद्देश्य से व्यपवर्तित नहीं कराया गया है।नगर एवम ग्राम निवेश विभाग जिला कोरिया को शिकायत में बताया गया है की शर्मा हॉस्पिटल सहित न्यू लाइफ नर्सिंग होम दोनो भवन नगर एवम ग्राम निवेश से बिना अनापत्ति प्राप्त किए गए निर्मित कराया गया है विस्तारित कराया गया है,वहीं नर्सिंग एक्ट के तहत यदि किसी नर्सिंग होम या नर्सिंग कॉलेज का पंजीयन प्रदाय किया जाता है तो उसके लिए भी जिस भूमि पर भवन निर्माण होता है वह व्यपवर्तीत भूमि होनी चाहिए वहीं भवन निर्माण की विधिवत अनुमति लेकर भवन निर्माण कराना चाहिए साथ ही भवन का यदि व्यवसायिक उपयोग किया जाना है तो भवन पूर्ण नियम एवं अनुमति के नहीं बना होना चाहिए जो शर्मा हॉस्पिटल सहित न्यू लाइफ नर्सिंग कॉलेज मामले में पालन नहीं किया गया है भवन निर्माण सहित उसके विस्तार के दौरान,कृषि भूमि पर ही सभी भवन निर्मित हैं और उसी पर हॉस्पिटल और नर्सिंग कॉलेज संचालित है जिसकी जांच कर कार्यवाही की जानी चाहिए यह शिकायत की गई है,शिकायतकर्ता संजय अग्रवाल बैकुंठपुर स्कूल पारा निवासी हैं।

#### संजय अग्रवाल की शिकायत पर शर्मा हॉस्पिटल के विरुद्ध जारी हुआ है नोटिस,संस्था को तीन दिवस में देना है जवाब

शर्मा हॉस्पिटल साथ ही संचालक से जिला मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी ने तीन दिवस के भीतर आठ बिंदुओ पर जवाब मांगा है और इसके लिए संस्था सहित संचालक को तीन दिवस का समय प्रदान किया गया है। जिन आठ बिंदुओ पर जवाब मांगा गया है वह शहर के निवासी संजय अग्रवाल की शिकायत से लिए गए आठ बिंदु हैं जिसके अनुसार ही शिकायत की गई है। जारी नोटिस जो मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया द्वारा जारी किया गया है के अनुसार जवाब संतोषप्रद नहीं होने की स्थिति में हॉस्पिटल सहित संचालक पर कार्यवाही की जाएगी इस बात का भी उल्लेख नोटिस में किया गया है। शिकायतकर्ता को भी नोटिस से अवगत कराया गया है और उन्हे सूचित किया गया है की उनकी शिकायत के आधार पर हॉस्पिटल सहित संचालक को नोटिस भेजा गया है और जिसमे उन्हे तीन दिवस के भीतर जवाब देना है।

#### यदि आरोप सभी सही तो क्या भाजपा नेता होना उन्हे देता है बिना किसी अनुमति बिना पंजीयन हॉस्पिटल संचालन की छूट

शर्मा हॉस्पिटल संचालक की यदि बात की जाए तो फिलहाल वह शहर के नामी चिकित्सकों में से एक हैं और निजी हॉस्पिटल संचालन मामले में तो वह इकलौते हैं शहर में जिनके हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या लगातार ज्यादा बनी रहती है,बताया जाता है शर्मा हॉस्पिटल ऐसा हॉस्पिटल है जहां हर तरह का इलाज किया जाता है, हर तरह के मरीज यहां मिलना आम बात है,सर्जरी हो या जांच सुविधा मामला इस मामले में भी हॉस्पिटल हर सुविधा मुहैया कराता है। यह हॉस्पिटल नया हॉस्पिटल भी नहीं है काफी पुराना हॉस्पिटल है वहीं अब यह बात सामने आ रही है एक शिकायत के बाद की हॉस्पिटल बिना किसी अनुमति संचालित है वहीं हॉस्पिटल में कई सुविधाओं का संचालन भी डॉक्टर कर रहें हैं जबकि वह उनका न तो काम न उनकी योग्यता ही उस काम के लिए वहीं भवन भी बिना अनुज्ञा बिना अनुमति अनापत्ति बनाया गया है। अब ऐसे में सवाल उठता है की क्या बिना अनुमति किसी को भी ऐसी छूट मिल सकती है,भवन यदि नगरपालिका क्षेत्र में बना हुआ है उसमें अस्पताल संचालित है और वह भी बिना किसी तरह की अनुमति नगरपालिका या नगर निवेश से लिए भवन बना है तो यह बड़ा प्रश्न चिन्ह है पूरी व्यवस्था पर क्योंकि एक आम आदमी जब अपना छोटा सा घर बनाने जाता है तब उसे कई तरह के नियम बताकर उसे महीनो अनुमति के लिए घुमाया जाता है और तब वह घर बना पाता है,वैसे शर्मा हॉस्पिटल यदि बिना अनुमति संचालित है बीना अनुज्ञा अनुमति यदि भवन बना हुआ है तो यह सवाल उठता है की क्या किसी राजनीतिक दल से जुड़ा होना नेता होना उन्हे ऐसी अनियमितता की छूट प्रदान करता है। डॉक्टर शर्मा भाजपा से अपनी किस्मत आजमाना चाहते हैं,लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं दो तीन साल से ,सेवा भाव भी जाहिर कर रहें हैं अब क्या वह जनता को इस बात से अवगत कराएंगे की वह खुद एक तरह से अवैध कार्य कर रहे हैं यदि उनके ऊपर लगे आरोप सही हैं।

## परिवर्तन यात्रा में हजारों की संख्या में उमड़ा जनसैलाब,कांग्रेस का अंत तय:रमेश तिवारी



-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रदेश में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने को है। सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में लग गई है। चुनाव से पहले बीजेपी द्वारा परिवर्तन यात्रा की शुरूआत की गई है। यह परिवर्तन यात्रा प्रत्येक विधानसभा में पहुंच रही है, और सभाएं आयोजित हो रही है जहां बड़े बड़े नेता आमजनता को संबोधित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में बीते 19 सितंबर को बैकुंठपुर विधानसभा व 20 सितंबर को भरतपुर सोनहत विधानसभा के नागपुर में परिवर्तन यात्रा पहुंची जहां पहले हजारों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बाईक रैली से यात्रा का स्वागत किया। इसके पश्चात नेताओं ने सभा स्थल पर हजारों हजार की संख्या में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन को संबोधित किया। जिसके बाद युवा नेता व भाजयुमो कोरिया के जिलामंत्री रमेश तिवारी ने बयान जारी कर बताया कि भाजपा केन्द्रीय नेतृत्व के झड़ी दिखाने के बाद प्रदेश में निकली परिवर्तन यात्रा के हजारों युवा साक्षी बने है, जिस तरह से सभाओं में हजारों की संख्या में आमजन उपस्थित हो रहे, युवाओं सहित सभी वर्ग के लोग भाजपा की इस परिवर्तन यात्रा से उत्साहित हैं प्रदेश में कांग्रेस की अत्याचारी, भ्रष्टाचारी सरकार का अंत तय हो गया है. युवा मोर्चा के कार्यकर्ता चुनाव को लेकर आतुर है और भाजपा की सरकार बनाने के लिए कमर कस लिया है। तिवारी ने कहा कि आज कांग्रेस जनता के सवालों का जवाब नहीं दे रही है, छत्तीसगढ़ की जनता परिवर्तन चाहती है। यात्रा को लेकर जनता में बड़ा उत्साह है, यह यात्रा सफल हो रही है। कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ को बदहाल कर दिया है। हर वर्ग को धोखा देने का काम किया है। विकास के सभी काम ठप है, जनता अब परिवर्तन चाहती है। आगामी समय में बैकुण्ठपुर विधानसभा व भरतपुर सोनहत विधानसभा सहित सरगुजा संभाग की पूरी सीटों पर भाजपा चुनाव जीतेगी। और प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी।

## स्व.शेषमणि सिंह के नाम से अब जाना जायेगा जमगहना ग्राम पंचायत के बाजतपारा का चौक

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी ने किया भूमिपूजन,स्वर्गीय शेषमणि सिंह के परिवार के लोग भी हुए शामिल

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष लगातार दिला रहें हैं भूतपूर्व सरपंचों को उनका सम्मान,हर ग्राम पंचायत में होगा भूतपूर्व सरपंच के नाम से चौक का निर्माण

### जिला पंचायत विकास निधि से जिपं उपाध्यक्ष दिला रहे यह सम्मान,आगे और भी भूतपूर्व सरपंचों के नाम से होगा कई ग्राम पंचायतों में चौक का निर्माण

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,22 सितम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत जमगहना का बाजार पारा चौक अब स्वर्गीय शेषमणि सिंह चौक के नाम से जाना जाएगा वहीं यह बताना जरूरी है की स्वर्गीय शेषमणि सिंह ग्राम के भूतपूर्व सरपंच रह चुके हैं और उन्होंने अपने नेतृत्व काल में ग्राम विकास को लेकर अच्छा उदाहरण छोड़ा है।

भूतपूर्व सरपंचों खासकर जिनका सरपंच पद का कार्यकाल किसी ग्राम के लिए बेहतर रहा है और जो यादगार रहा है ऐसे सभी सरपंचों के नाम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष वेदांती तिवारी अमर करने का ठाने हैं और वह इसके लिए संकल्पित हो चुके हैं।उनके द्वारा जिला पंचायत विकास निधि से हर ऐसे भूतपूर्व सरपंच जिनका कार्यकाल उत्तम रहा है और जो ग्राम वासियों के लिए यादगार रहा है के नाम से उसी ग्राम पंचायत में चौक का निर्माण करने का संकल्प लिया गया है और जिसे वह क्रमशः पूरा कर रहें हैं और एक एक कर वह इस हेतु भूमिपूजन कर रहे हैं। वेदांती तिवारी ने शुक्रवार के दिन ग्राम पंचायत जमगहना के भूतपूर्व सरपंच के नाम से चौक निर्माण का भूमि पूजन किया और स्वर्गीय शेषमणि भूतपूर्व सरपंच ग्राम जमगहना का नाम ग्राम



वासियों के हृदय में मन में और उनके जेहन में साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अमर करने का काम किया। स्वर्गीय शेषमणि सिंह जो कई बार सरपंच निर्वाचित हुए साथ ही वह जब सरपंच रहे तब आज के सात ग्राम पंचायत एक ग्राम पंचायत अंतर्गत आते थे जिनका वह नेतृत्व करते थे। उनका पूरा कार्यकाल काफी बेहतर था ग्राम विकास की उनकी अवधारणा बहुत अच्छी थी जिसे आज भी लोग याद करते हैं,वह जनपद सदस्य भी निर्विचित हुए थे। स्वर्गीय शेषमणि सिंह सर्व समाज में लोकप्रिय थे क्योंकि उनके कार्यकाल में विकास की अवधारणा विकास के शिवाय अन्य किसी उद्देश्य से नहीं जुड़ती थी,वह जैसा की बताया जाता है हमेशा सर्व समाज का प्रतिनिधित्व करने वाले एक नेता बनकर अपना राजनीतिक जीवन व्यतीत करते रहे और उन्होंने कभी भेद विभेद की बात नहीं की। वह कोरिया स्टेट में भी कार्यरत थे जैसा की बताया जाता है और उन्हे चिकित्सा क्षेत्र में सेवा का अवसर मिला था। जिला पंचायत उपाध्यक्ष की भूतपूर्व सरपंचों के नाम को अमर करने की जारी अभियान की अब हर जगह सराहना हो रही है और अब लोगों का भी यह मत सामने आ रहा है की यह एक अच्छी पहल है जिससे या जिसके माध्यम से आज के युवा साथ ही आने वाली पीढ़ी उन्हे जान समझ पाएगी जिन्होंने ग्राम विकास की अवधारणा को असल रूप में अमली जामा पहनाया था और जिन्होंने धर्म जाति समाज से ऊपर उठकर सर्व समाज का नेतृत्व किया था और उन्हे सभी का बराबर स्नेह मिला था। स्वर्गीय शेषमणि सिंह उन्ही में से एक थे जिनका लंबा सरपंच पद का कार्यकाल बताता है की वह किस तरह अपने क्षेत्र में ग्राम में लोकप्रिय थे।

# महिलाओं की दशा से देश की दिशा तय करेगा नए संसद भवन का पहला कानून:शारदा गुप्ता


शारदा गुप्ता

## केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के सम्मान में हमेशा तत्पर,33 प्रतिशत आरक्षण एतिहासिक कदमः रेणुका सिंह


रेणुका सिंह

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर 22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।
वर्तमान कालखंड देश के समस्त नागरिकों के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण समय है। जहां एक ओर भारत की गरिमानुरूप एवं भविष्य की जरूरत के अनुसार भव्य निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। देश की संसद जिसे लोकतंत्र का मंदिर कहा जाता है उसके नवीन भवन का लोकार्पण अत्यंत पावन दिवस गणेश चतुर्थी के दिन किया गया। वहीं दूसरी तरफ कई सालों से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ बाट जोह रहा एक महत्वपूर्ण बिल जो देश की आधी आबादी को उसका नेतृत्व प्रदान करता है। ऐसा महिला आरक्षण बिल दोनो सदनों में पास हो गया। इस अवसर पर भाजपा लोकसभा (कोरबा) सोशल मीडिया संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि यह क्षण बहुत ही ऐतिहासिक है। मोदी जी ने नई संसद भवन की पहली कार्रवाई में ही विशेष सत्र का आयोजन कर सबसे पहला बिल महिला आरक्षण हेतु पारित कराकर यह जता दिया है नए भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका कैसी होने वाली वाली है। देश के सशक्तिकरण में नारी सशक्तिकरण का कितना योगदान होने वाला है यह पूरे विश्व को पता चल गया है। ऐसा पहली बार नही है कि के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश में महिलाओं की सामाजिक दशा को सुधारने के साथ-साथ उन्हें यथायोग्य प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया हो । इससे पहले चाहे वह तीन तलाक का मामला हो , जहां परंपरा एवं रूढ़ि के नाम पर नरक जैसे जीवन से हमारी बहनों को आजादी दिलाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने तीन तलाक कानून को पास कराया। चाहे वह हर घर शौचालय योजना के माध्यम से महिलाओं को अपमानजनक स्थितियों एवं संक्रामक बीमारियों से मुक्ति दिलाने का प्रयास हो। चाहे वह उज्जवला गैस योजना के माध्यम से महिलाओं को का जीवन सुगम बनाने की बात हो अथवा सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से बालिकाओं का भविष्य सुरक्षित करना हो। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से बालिकाओं को के जीवन स्तर में सुधार करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की ओर प्रेरित करना हो अथवा मातृ वंदना योजना के माध्यम से गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित एवं स्वस्थ प्रसव की चिंता करना हो। हर दिशा में प्रधानमंत्री जी ने और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महिलाओं को समाज का प्रमुख आधार माना है और उसी मंशानुरूप कार्य किया है।

### विपक्ष के जिन लोगों ने आज़ादी के बाद इतने वर्षों तक महिलाओं के प्रतिनिधित्व को उचित स्थान देने में कोताही बरती हो वो देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मंशा पर सवाल उठा रहे...

संयोजक शारदा प्रसाद गुप्ता ने आगे कहा की किंतु अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि विपक्ष के जिन लोगों ने आजादी के बाद इतने वर्षों तक महिलाओं के प्रतिनिधित्व को उचित स्थान देने में कोताही बरती हो, हीला हवाली किया हो, ऐसे लोग आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की मंशा पर सवाल उठा रहे हैं। वह भी तब जबकि राज्यसभा एवं लोकसभा की कार्रवाई में यह बिल लगभग पूरे सांसदों के समर्थन से पास हुआ है । मेरा प्रश्न ऐसे नेताओं से है आप सदन के बाहर इसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं , तो संसद के भीतर बल के समर्थन में वोट क्यों किया । आज क्या मजबूरी है कि विपक्षी गठबंधन के लोग ÷ नारी शक्ति वंदन अधिनियम÷ को छलावा बता रहे हैं। और तो और ऐसी ओछी मानसिकता के लोग इस अधीनियम के नाम पर भी आपत्ति जाता रहे हैं । क्या भारत देश की सांस्कृतिक विरासत अथवा हमारी परंपरा हमें मातृ शक्ति की वंदना करना नहीं सिखाती । लेकिन ये बात उन्हे कैसे पता होगी जो आजतक महिलाओं को सदन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित नही कर सके। क्या नारी सिर्फ अपमान की भागीदार है, नारी शक्ति की वंदना नहीं की जानी चाहिए । ये बड़े प्रश्न हैं जो विपक्ष के अंग्रेजीदाँ नेताओं से पूछा जाना चाहिए। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में देश को गुमराह करते हुए कह रहे हैं कि इस बिल को लागू होने में 7 से 10 वर्ष का समय लग जाएगा, जो कि सत्य नहीं है, 2026 के परिसीमन के बाद यह तुरंत लागू होगा। फिर भी यदि राहुल जी के कथनानुसार मान लिया जाए, अगर यह काम उनकी सरकार ने अगर पूर्व में अपनी सरकारों के समय ही कर दिया होता तो महिलाओं को उनका यथायोग्य सम्मान संसद में प्रतिनिधि के रूप में मिल जाता। जो उन्होंने कभी किया नहीं।

### 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' देश की मातृ शक्ति को मोदी सरकार का नमन

#### मोदी सरकार महिलाओं के सम्मान में हमेशा तत्पर

देश में प्रधानमंत्री मोदी जी के सरकार ने महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लेने का कदम लिया है जिसमे महिला के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण एक ऐतिहासिक फैसला है अब देश में चाहे विधानसभा हो ,लोकसभा हो या राज्यसभा हो हमारे महिलाओं को हर जगह 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। 33 प्रतिशत आरक्षण के कारण हमारी महिलाएं और सशक्त बनेंगे। रेणुका सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष ने 33 प्रतिशत आरक्षण का स्वागत करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और उनकी सरकार को बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस बिल के पास हो जाने से देश ही नहीं अपितु विदेश में भी हमारी महिला देश का नाम रोशन करेंगे।

# बालको के चोटिया मेगा हेल्थ कैंप से जरूरतमंद नागरिक हुए लाभान्वित

-संवाददाता-
कोरबा,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चोटिया खदान के परला पंचायत भवन में मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया। इस दौरान समुदाय तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से किए गए शिविर में चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शिविर से लगभग 180 नागरिक लाभान्वित हुए। शिविर में कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डॉक्टरों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, ग्रामीण स्वास्थ्य समन्वयकों, सहायक कर्मचारियों और नर्सों की एक समर्पित टीम ने समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य उपचार एवं जरूरतमंदों को दवाएं मुफ्त में प्रदान की। सामान्य स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के साथ ही शिविर में आयुष्मान कार्ड पंजीकरण के बारे में जागरूकता फैलाने पर भी ध्यान केंद्रित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में चोटिया के साथ-साथ परला एवं लालपुर पंचायत के 07 गाँवों के लोग शामिल हुए जिसमें उनकी आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को सुनिश्चित किया गया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक भलाई और समृद्धि हमारी कंपनी की दृष्टिकोण के प्रतिबद्धता की आधारशिला है। हम व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समुदायों को बढ़ावा देने में सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा के महत्व को प्राथमिकता देते हैं। सभी के एकजुट प्रयासों से चोटिया में मेगा हेल्थ कैंप से सकारात्मक परिवर्तन संभव है। सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए बालको प्रबंधन कटिबद्ध है। मेगा हेल्थ कैंप में परला के सरपंच श्री जवाहर लाल मरपच्ची ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि बालको के इस पहल ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को हमारे दरवाजे तक पहुंचा दिया है जिससे सभी को लाभ हुआ है। शिविर से स्वास्थ्य सेवा के बारे में लोगों के बीच जानकारी और जागरूकता का संचार हुआ। हम परला में शिविर आयोजित करने के लिए बालको और जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। और आशा करते हैं कि भविष्य में इस तरह की पहल जारी रहेगी। बालको की आरोग्य परियोजना स्वास्थ्य देखभाल और उपचारात्मक सेवाओं के माध्यम से कंपनी वित्तीय वर्ष 2023 में 45000 से अधिक व्यक्तियों तक पहुँची। बालको द्वारा कर्मचारी कल्याण और सामुदायिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के लिए कंपनी को हेल्दी वर्कप्लेस अवॉर्ड्स-2022 श्रेणी में प्रतिष्ठित आरोग्य वर्ल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है द्य यह पुरस्कार कर्मचारी स्वास्थ्य एवं कल्याण और देखभाल की संस्कृति के प्रति बालको की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।



राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस. एन. केसरी के दिशा-निर्देश एवं ब्लूमबर्ग परियोजना अंतर्गत द यूनियन तकनीकी सहयोगी संस्था के सहयोग से कोरबा के होटल गणेश इन में समस्त विभागीय नोडल अधिकारी एवं गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर कुमार पुष्पेश, नगर निगम, शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग, श्रम विभाग सहित, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

होटल गणेश इन में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में जिला सलाहकार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. मानसी जायसवाल द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत राज्य व जिला स्तर पर की जा रही गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि इस हेतु जिले के समस्त विभागों में नोडल अधिकारियों का चयन किया गया है। लगभग 17 विभागीय कार्यालय को तंबाकू नियुक्त घोषित किया गया है। जिले में पुलिस विभाग के समस्त थाना एवं चौकी को तंबाकू मुक्त घोषित किए गए हैं। इसी प्रकार उन्होंने शैक्षणिक संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किए जाने हेतु किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 400 से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं को तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान की घोषित किया जा चुका है साथ ही नियमों के उल्लंघन करने वालों पर बेहतर ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु गठित प्रवर्तन दल का साप्ताहिक तौर पर दौरा सुनिश्चित किया गया है।

इस दौरान द यूनियन संस्था के संभागीय समन्वय संजय नामदेव द्वारा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर लागू तंबाकू नियंत्रण हेतु अधिनियमों की जानकारी देते हुए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003, ई सिगरेट अधिनियम 2019 एवं छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा संशोधित अधिनियम 2003 हुक्का प्रतिबंध के प्रावधानों के बारे में बताते हुए अधिकृत अधिकारियों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही तंबाकू उद्योगों द्वारा किए जा रहे हस्तक्षेप के विषय पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में उपस्थित विभाग प्रतिनिधियों द्वारा सुझाव के तौर पर व्यापारी संघ होटल एसोसिएशन एवं प्राइवेट स्कूल संघ के साथ बैठक आयोजित करने के सुझाव दिए गए, जिससे तंबाकू उद्योग के द्वारा किए जा रहे प्रचार-प्रसार एवं बिना वैधानिक चेतावनी के विक्रय किए जाने वाले तंबाकू उत्पादन पर रोक लगाई जा सके। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम, म्युनिसिपल एक्ट रेलवे एक्ट अधिनियम सहित अन्य विभागों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# सर्वमंगला-कुसमुंडा-इमलीछापर मार्ग में बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर की गई कार्यवाही

## वसूला गया 83 वाहनों से 61300 रूपए ज़ुर्माना

-संवाददाता-
कोरबा,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।



कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला परिवहन अधिकारी कोरबा शशिकांत कुर्रे के नेतृत्व में सर्वमंगला-कुसमुंडा-इमलीछापर मार्ग में यातायात व्यवस्था दुरूस्ती हेतु तहसीलदार दर्री कोरबा और कुसमुंडा थाने की टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही की गई। आरटीओ कोरबा श्री कुर्रे ने बताया कि इन मार्गो में नो पार्किंग एरिया व बीच सड़क में बेतरतीब खड़े यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले 83 भारी वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 61,300 रूपए शास्ति राशि वसूल की गई साथ ही उन्हें यातायात नियमों का पालन करने व सड़क पर जाम न लगाने की समझाईश भी दी गई है द्य उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों पर परिवहन विभाग की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बलरामपुर (छ0ग0)

E- mail : eebalram-phe-cg@nic.in
निविदा क्रं./54/ले.शा./ज.जी.मि/का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2023
बलरामपुर,दिनांक 13.09.2023

### ऑन लाईन षष्ठम् निविदा आमंत्रण

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जल जीवन मिशन अंतर्गत नल जल प्रदाय योजना के विभिन्न कार्यों के लिए प्रतिशत दर फार्म अ में निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सि.नि.क्र. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में ) |
|---|---|
| 147406 | 176.65 |
| 147407 | 127.07 |

निविदा एवं कार्य का विस्तृत विवरण यथा धरोहर राशि, वैद्यता की तिथि, कार्य की अवधि, निविदाकार की श्रेणी, एवं कार्यों तथा स्थल संबंधी जानकारी ऑन लाईन ई-प्रोक्युरमेंट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.09.2023 से देखी जा सकती है तथा निविदा दिनांक 06.10.2023 तक बिड डाली जा सकती है। निविदा में आगामी संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किए जावेंगे। अतः निविदाकार ऑन लाईन निविदा प्रक्रिया में सतत् संपर्क में रहें। अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,खण्ड बलरामपुर में देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
खण्ड-बलरामपुर (छ0ग0)

जी.नं.- 05502/3


# भाजपा के परिवर्तन यात्रा के दौरान आयोजित आमसभा से जनता रही नदारत,अधिकतर कुर्सियां रही खाली

-संवाददाता-
कोरबा,22 सितम्बर 2023
(घटती-घटना)।




विगत लगभग पौने पांच सालों से प्रदेश के सत्ता से बाहर रहने के बाद एक बार पुनः भाजपा ने सत्ता में वापसी करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा निकाल कर रैलियां कर रही है । यह परिवर्तन यात्रा हर जिले के हर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर आम सभा का आयोजन करते हुए भाजपा के बड़े पद्दाधिकारी जनता से सीधे रूबरू होते हुए छत्तीसगढ़ से कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर रहें है जिससे वे पुनः सत्ता में आकर छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त प्रदेश के साथ साथ एक नई विकास की राह दे सके। इसी कड़ी में कोरबा विधानसभा पहुंची परिवर्तन यात्रा के दौरान परिवर्तन के संकेत कम ही नजर आए। एक ओर जहां विधानसभा क्षेत्र पाली तानाखार और कटघोरा में परिवर्तन यात्रा में आम जनता ने थोड़ी बहुत रैली में रुचि लेते हुए सभा में बड़े नेतागणों एवं जनप्रतिनिधियों को सुनने पहुंचे तो वहीं कोरबा विधानसभा में जनता का रैली एवं आमसभा के प्रति रुचि एक दम विपरीत दिखी ।

घंटाघर के ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित परिवर्तन यात्रा के आमसभा जिसमे भाजपा के प्रदेश स्तर के बड़े बड़े दिग्गज नेताओं के साथ उत्तरप्रदेश के ऊ.प.मुख्यमंत्री शामिल हुए थे,पर कोरबा की जनता ने इन बड़े दिग्गज नेताओं के भाषण को सुनने में भी नही रुचि दिखाई जिससे आमसभा में लोग कम और कुर्सियां ज्यादा खाली दिखी । इससे यह कहना गलत नहीं होगा के कोरबा विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद भी आम सभा में लोगों का सभा के प्रति रुचि नहीं लेना कहीं न कहीं भाजपा जिला संगठन में अंतर्कलह एवं गुटबाजी को दर्शाता है जो भाजपा के लिए शुभ संकेत नहीं कहा जा सकता।जबकि कोरबा जिला भाजपा मे कई ऐसे जनप्रतिनिधि हैं यदि वह चाहते तो गांव गांव से कार्यकर्ता और समर्थकों को लाकर भीड़ इकट्ठा किया जा सकता था ।

वही इस परिवर्तन यात्रा को लेकर जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा विज्ञापन अखबारों में छपवाए गए , जिसमे मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम का चेहरा को ही गायब कर दिया गया साथ ही कोरबा विधानसभा प्रत्याशी लखन लाल देवांगन का चित्र को एक दम छोटा कर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह का चित्र को ऐसा दर्शाया गया है के लोगों के मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न हो लगी है के आखिर कोरबा भाजपा प्रत्याशी है कौन ?


## न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0

### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202309021200/अ-6/ 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती योगिता जायसवाल पति भूपेन्द्र कुमार आ0 लखन जायसवाल माता स्व0 प्रमिला देवी, कु0 खुशबू आ0 स्व0 अमित, दादी स्व0 प्रमिला देवी वली योगिता जायसवाल पति भूपेन्द्र कुमार आ0 लखन जायसवाल, निवासी-बिलासपुर चौक, पुराना मणीपुर चौकी के सामने, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि गया रामसुन्दर आ0 फिन्दर बांदी के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 06, मोहल्ला-मनीपुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 4242,4243 रकबा 0.27, 0.07 एकड़ दर्ज है। माननीय पंचम व्यवहार न्यायालय वर्ग-2, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के यहा व्यवहार वाद क्रमांक 62 अ/1992 में स्वत्व घोषणार्थ एवं बंटवारा हेतु प्रस्तुत किया गया था, जिसमें आदेश पारित दिनांक 27.04.1994 को कर दिया गया है। आदेश दिनांक 27.04.1994 के पालन में नामान्तरण आवेदक का नाम आवेदित भूमि के अभिलेखन में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 13/10/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नज़ूल अधिकारी
अम्बिकापुर



## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा0) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल,मनेन्द्रगढ़ (छ0ग0)

### नीलाम विज्ञापन

सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल के काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में दिनांक 25.09.2023 को ईमारती काष्ठ, जलाऊ चट्टों एवं आर टी.एल. काष्ठ का अधोलिखित विवरण के अनुसार प्रात 09:00 बजे से नीलाम किया जाना प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें। नीलाम शर्त एवं जानकारी कार्यालय से अथवा नीलाम स्थान से प्राप्त किया जा सकता है। क्रेताओं को सलाह दी जाती है कि बोली बोलने के पूर्व प्रत्येक लॉट का भली-भाति निरीक्षण कर लेवें तथा संतुष्टि उपरांत ही बोली लगायें। नीलाम के समय घोषित मात्रा सही व अंतिम रूप से मान्य होगी।

| क्रमांक | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुरानेकाष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ0मी0 | बल्ली नग | लट्ठा घ0मी0 | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 15.061 | 636 |
| 2 | साल | 7.473 | 0 | 799.583 | 4550 |
| 3 | साजा | 1.600 | 0 | 38.563 | 483 |
| 4 | धवड़ा | 0 | 0 | 21.827 | 333 |
| 5 | सतकठा | 15.244 | 0 | 11.754 | 179 |
| 6 | खम्हार | 0 | 0 | 0.388 | 5 |
| 7 | हल्दू | 0.488 | 0 | 6.235 | 27 |
| 8 | नीलगिरी | 0.823 | 0 | 0 | 13 |
| 9 | तिंसा | 0 | 0 | 0.550 | 3 |
| योग:- | | 25.628 | 0 | 893.961 | 6229 |
| आर.टी.एल.काष्ठ | | निरंक | | 2005.489 cmt | |
| जलाऊ मिश्रित | | निरंक | | 169 चट्टा | |
| जलाऊ सागौन | | 20 चट्टा | | निरंक | |

टीपः-1. ईमारती काष्ठ की नीलाम पहले 09:00 बजे प्रातः में की जावेगी तत्पश्चात् जलाऊ चट्टों की नीलाम की जावेगी।
2. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी वनमंडल का पंजीकृत ठेकेदार ही नीलाम में भाग ले सकेंगे।
3. समस्त क्रेता को आयकर पेन कार्ड, वाणिज्य कर का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन एवं छ.ग. राज्य के किसी वनमंडल का वर्ष 2022 के व्यापारी का रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
4. कृपया क्रेता ईमारती एवं जलाऊ का ई.एम.डी. राशि का अलग-अलग चेक देवें।

जी.नं.-05484/3

वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमंडल, मनेन्द्रगढ़

# पहले दिन इन पांच इवेंट्स में भारतीय टीम आजमाएगी किस्मत

**हांगझोउ,22सितम्बर2023।** होंगझोऊ एशियाई खेल आधिकारिक तौर पर 23 सितंबर से शुरू होंगे। इससे पहले 22 सितंबर को भी कुछ खास खेलों का आयोजन किया जाना है। इस वर्ष भारत की ओर से कुल 655 खिलाड़ियों का दल एशियाई खेलों में हिस्सा लेने पहुंचा है।

हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत का 22 सितंबर (शुक्रवार) का कार्यक्रम इस प्रकार है। नौकायन पुरुष एकल स्कल (एम1एक्स) सेमीफ़ाइनल- बलराज पंवार टेबल टेनिस- पुरुष प्रारंभिक चरण - ग्रुप एफ - भारत बनाम यमन, भारत बनाम सिंगापुर।

महिला प्रारंभिक चरण - ग्रूप एफ - भारत बनाम सिंगापुर वॉलीबॉल- पुरुष क्रॉस मैच - भारत बनाम चीनी ताइपे पुरुष मॉडर्न पेंटाथलॉन व्यक्तिगत तलवारबाजी बोनस राउंड




- मयंक वैभव चाफेकर पाल नौकायन पुरुष विंडसर्फिंग - आईक्यू फोइलद्य-जेरोम कुमार सावरीमुथु पुरुष स्किफ़ - 49 ईआर-केसी गणपति-वरुण ठक्कर महिला स्किफ - 49 ईआरएफएक्स-हर्षिता तोमर-शीतल वर्मा मिश्रित डिंगी - 470-सुधांशु शेखर-प्रीति कोंगारा लड़कों की डिंगी -आईएलसीए4- अध्वेत मेनन लड़कियों की डिंगी - आईएलसीए4- नेहा ठाकुर पुरुष काइट - आईकेए फॉर्मूला काइट - चित्रेश ताथा महिला एकल डिंगी - आईएलसीए6-नेत्रा कुमानन मिश्रित मल्टीहल - नाकरा 17- सिद्धेश्वर इंदर डोइफोडे-राम्या सरवनन पुरुष विंडसर्फर - आरएस एक्स-एबाद अली पुरुष डिंगी -आईएलसीए7-विष्णु सरवनन महिला विंडसर्फर - आरएस एक्स-ईश्वरीय गणेश।




## अंतिम पंघल ने कांस्य पदक जीता

### पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल

**बेलग्रेड ,22सितम्बर2023।** सीनियर विश्व चैंपियनशिप में अपने पदार्पण पर भारतीय पहलवान अंतिम पंघल ने 53 किलोग्राम वर्ग के मुकाबले में स्वीडन की यूरोपीय चैंपियन जोना मालमग्रेन पर शानदार जीत दर्ज करते हुए कांस्य पदक जीता और 2024 पेरिस ओलंपिक कोटा पक्का किया।

दो बार की यू20 विश्व चैंपियन अंतिम अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थी और उन्होंने तकनीकी श्रेष्ठता के माध्यम से 16-6 से जीत हासिल कर अपना पहला सीनियर विश्व चैंपियनशिप पदक जीता।

अपनी कांस्य पदक जीत के रास्ते में अंतिम ने क्वालीफिकेशन में मौजूदा विश्व चैंपियन अमेरिका की ओलिविया डोमिनिक पैरिश को हराया, उसके बाद पोलैंड की रोक्साना मार्टा ज़सीना पर टीएसयू की जीत हुई।

हरियाणा की 19 वर्षीय लड़की, जो डब्ल्यूएफआई द्वारा विश्व निकाय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद एक तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही है, ने क्वार्टर फाइनल में रूस की नतालिया मालिशेवा को हराया और फिर बुधवार को सेमीफाइनल में उन्हें बेलारूस की टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता वेनेसा कलादज़िंस्काया से हार का सामना करना पड़ा था।

## एशियाई खेल : श्रीलंका ने थाईलैंड को आठ विकेट से हराया

**हांगझोउ ,22 सितम्बर 2023।** एशियाई खेल 2023 में श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने खेले गये तीसरे क्वार्टर फाइनल मुकाबले में थाईलैंड को आठ विकेट से हराया दिया है। आज सुबह श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड ने 15 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 78 रन स्कोर बनाया। थाईलैंड की ओर सबसे अधिक नाबाद 31 रन चानिदा सुथ्थीरुआंग ने बनाये। इसके अलावा उनकी टीम के किसी खिलाड़ी का स्कोर दहाई अंक में भी नहीं पहुंचा सका। उतरी श्रीलंका की ओर से पारी की शुरुआत अनुष्का संजीवनी और चमारी अटापट्टू (कप्तान) ने शुरुआत की। दोनो सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। श्रीलंका का पहला विकेट ओपनर चमारी अटापट्टू (कप्तान) ( 27) के रूप में सातवें ओवर में गिरा।



अटापट्टू को पुत्थावॉन्ग ने चाईवाई के हाथों कैच कराकर पवैलिया का रास्ता दिखाया। वही श्रीलंका की ओर से सबसे अधिक 32 रन अनुष्का संजीवनी ने बनाए। संजीवनी को नौवें ओवर में पुत्थावॉन्ग ने तिप्पॉच के हाथों कैच कराकर आउट किया। उस समय टीम का स्कोर 65 रन था। हर्षिता समाराविक्रमा (14) और विश्मी गुणारत्ना (8) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका को तीन अतिरिक्त रन मिले। श्रीलंका टीम ने 10.5 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

## एशियन गेम्स में खिलाड़ियों से भेदभाव पर भारत ने चीन से जताई आपत्ति

### » विरोध में खेल मंत्री ने रद्द किया दौरा

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023।** कुछ भारतीय खिलाड़ियों को 19वें एशियाई खेलों में प्रवेश से वंचित किए जाने पर मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार को पता चला है कि चीनी अधिकारियों ने लक्षित और पूर्व-निर्धारित तरीके से, अरुणाचल प्रदेश राज्य के कुछ भारतीय खिलाड़ियों को चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों में मान्यता और प्रवेश से वंचित करके उनके साथ भेदभाव किया है। अरिंदम बागची ने कहा कि हमारी लंबे समय से चली आ रही और सुसंगत स्थिति के अनुरूप, भारत दृढ़ता से अधिवास या जातीयता के आधार पर भारतीय नागरिकों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार को अस्वीकार करता है। अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और



रहेगा। अरिंदम बागची ने आगे कहा कि चीन द्वारा हमारे कुछ खिलाड़ियों को जानबूझकर और चुनिंदा तरीके से बाधित करने के खिलाफ नई दिल्ली और बीजिंग में कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। उन्होंने कहा कि चीन की कार्रवाई एशियाई खेलों की भावना और उनके आचरण को नियंत्रित करने वाले नियमों दोनों का उल्लंघन करती है, जो स्पष्ट रूप से सदस्य देशों के प्रतिस्पर्धियों के खिलाफ भेदभाव को प्रतिबंधित करती है। इसके अलावा, चीनी कार्रवाई के खिलाफ हमारे विरोध के निशान के रूप में, भारत के सूचना और प्रसारण और युवा मामले और खेल मंत्री ने खेलों के लिए चीन की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी है। भारत सरकार हमारे हितों की रक्षा के लिए उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

आपको बता दें कि एशियाई खेलों का आयोजन चीन में हो रहा है। इसी में युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को हिस्सा लेना था। हालांकि, चीन की इस हरकत के बाद उन्होंने अपना यह दौरा रद्द कर दिया है। भारतीय हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन 23 सितंबर को हांगझोउ में एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए संयुक्त ध्वजवाहक बनाने का फैसला किया। एशियाई खेलों में इस दफा कुल 655 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जो देश का अब तक का सबसे बड़ा दल है।



## एशियन गेम्स में भारतीय टेबल टेनिस का जीत के साथ आगाज

### यमन को 3-0 से हराया

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023।** भारतीय पुरुष टेबल टेनिस टीम ने शुक्रवार को यहां यमन पर 3-0 से आसान जीत दर्ज करके एशियाई खेलों में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। अनुभवी शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई को सीधे गेम में जीत दर्ज करने के लिए किसी तरह की मशक्कत नहीं करनी पड़ी। साथियान ने अली उमर अहमद को 14 मिनट में 11-3, 11-2, 11-6 से हराकर शानदार शुरुआत की। एशियाई खेलों में आखिरी बार खेल रहे 41 वर्षीय शरथ ने इसके बाद इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। देश के शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-1, 11-1, 11-7 से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया।

भारतीय पुरुष टीम ग्रुप एफ के अपने अगले मुकाबले में सिंगापुर का सामना करेगी। महिला टीम भी अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर के खिलाफ करेगी।

## भारतीय वॉलीबॉल टीम ने चीनी ताइपे को 3-0 से मात देकर क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**नई दिल्ली,22 सितम्बर 2023।** भारतीय पुरुष वालीबॉल टीम ने शानदार लय जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे पर 3-0 की जीत से एशियाई खेलों के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण कोरिया पर शानदार जीत हासिल करने के बाद भारत ने शुक्रवार को चीनी ताइपे पर एक घंटे 25 मिनट में 25-22, 25-22, 25-21 से जीत दर्ज की और पहले से छठे स्थान के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। भारत रविवार को जापान या कजाखस्तान के सामने होगा।




भारतीय टीम पहले पिछड़ रही थी लेकिन एरिन वर्गीज ने 11-13 से अंतर कम कराया जिसके बाद 21-21 की बराबरी हासिल की। फिर वर्गीज और अश्वल राय ने अंतिम दो अंक जीतकर भारत को बढ़त दिलायी। दूसरे सेट में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था लेकिन भारतीय टीम ने अंतिम क्षण में लगातार अंक जुटाकर 25-22 से इसे भी अपने नाम किया। निर्णायक सेट में भारतीय टीम एक समय 10-4 से आगे थी लेकिन बढ़त गंवाकर 14-14 की बराबरी पर आ गयी। पर उन्होंने 21-18 की बढ़त बनाकर 25-21 से इसे जीत लिया।

## क्रिकेट इतिहास का अजीबोगरीब आउट!

### विकेटकीपर के हेलमेट में गेंद अटकी तो अंपायर ने बल्लेबाज को दिया आउट

**यूएसए,22 सितम्बर 2023।** क्रिकेट में अक्सर कई मजेदार वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के अलावा कमाल की फील्डिंग में कई बार दर्शकों को रोमांचित करती नजर आती है। लेकिन हाल ही में मैच के दौरान अजीबोगरीब कैच आउट किया गया है। इस कैच की खास बात ये है कि इसमें कोई कमाल की फील्डिंग नहीं की गई है। यूरोपियन क्रिकेट के सामने आए एक वीडियो में इस कैच को देखा जा सकता है।

यूरोपियन क्रिकेट के एक मैच के दौरान बल्लेबाज को अजीबोगरीब तरीके से आउट किया गया। गेंदबाज ने जैसे ही बल्लेबाज को गेंदबाजी की तो गेंद बल्ले से लगकर विकेटकीपर के हेलमेट में जा अटकी। इसके बाद अंपायर ने बल्लेबाज को आउट करार दे दिया। हालांकि, इस मजाकिया कैच ने सभी का ध्यान आकर्षित कर लिया और इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल किया जा रहा है। वहीं, कुछ प्रशंसकों का कहना है कि ये एक डेड बॉल होनी चाहिए थी। विशेषकों का मानना है कि उपकरणों के जरिए कैच नहीं किया जा सकता है। ऐसे में अंपायर को गेंद डेड बॉल



करार देनी चाहिए थी।

वहीं वायरल वीडियो में देख सकते हैं कि बल्लेबाज आउट होने के बाद अचंभित होता नजर आ रहा है। वहीं, विकेटकीपर और गेंदबाज की भी इस बीच हंसी नहीं रुक सकी। इस अनोखे आउट को लेकर फैंस की तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है।

## वर्ल्ड कप 2023 के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

### » नसीम जगह की हसन अली को मौका

**इस्लामाबाद,22 सितम्बर 2023।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद पाकिस्तान ने आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इस 15 सदस्यीय स्क्वॉड में नसीम शाह की जगह हसन अली को मौका मिला है। हालांकि, एक और चोटिल गेंदबाज हारिस रऊफ को भी टीम में शामिल किया गया है।

वहीं पाकिस्तान ने साथ ही उस्मान मीर के रूप में एक अतिरिक्त लेग स्पिनर को टीम में जगह दी है। उस्मान मीर ने इसी साल न्यूजीलैंड




के खिलाफ अपना डेब्यू किया था। लेकिन उन्हें एशिया कप में टीम में जगह नहीं दी गई थी। हसन अली के अलावा पाकिस्तानी तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और मोहम्मद वसीम जूनियर को चुना गया है।

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज भी अपनी जगह बचाए रखने में कामयाब रहे हैं, जबकि फहीम अशरफ को इस टीम में जगह नहीं मिली है।

## साल 2025 में धमाका करेगी ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर की मूवी

बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर निर्देशक अयान मुखर्जी की मचअवेटेड मूवी वॉर 2 का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। ये फिल्म जल्दी ही फ्लोर पर पहुंचने वाली है। इस फिल्म को लेकर एक बेहद दिलचस्प जानकारी हाथ लगी है। जिसे जानने के बाद फैंस खुशी से झूमने लगेंगे। निर्देशक सिद्धार्थ आनंद की ब्लॉकबस्टर मूवी वॉर की बंपर सक्सेस के बाद इस फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने मूवी के दूसरे पार्ट की तैयारी की है। जिसे इस बार निर्देशक सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी बनाने वाले हैं। जिसके लिए अयान मुखर्जी ने कमर कस ली है। अब खबर है कि इस फिल्म के लिए निर्माता-निर्देशक ने रिलीज डेट पर पक्की मुहर भी लगा दी है।

एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म सुपरस्टार ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की अपकमिंग मूवी वॉर 2 के लिए मेकर्स की नजर साल 2025 के गणतंत्र दिवस के वीकेंड पर लगी हुई है। इस बारे में एक करीबी सूत्र ने जानकारी देते हुए कहा, रिपब्लिक डे का वीकेंड हमेशा ही हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए जबरदस्त पैसा बनाने का मौका रहा है। फिर चाहें अग्निपथ हों या फिर पठान। ऋतिक रोशन और यशराज फिल्मस दोनों ने ही इस मौके पर बड़ी सफलता का स्वाद चखा है। और अब दोनों वॉर 2 के




लिए रिपब्लिक डे 2025 के मौके पर नजर लगाए बैठे हैं। बल्कि ऋतिक रोशन की अगली फिल्म फाइटर भी साल 2024 में गणतंत्र दिवस के वीकेंड पर ही पहुंच रही है।

इतना ही नहीं, सूत्र ने ये भी बताया कि फिलहाल ये एक टेंटेटिव डेट है। इसका अभी आधिकारिक ऐलान होने में वक्त लगेगा। सूत्र ने कहा, ये तात्कालिक रिलीज डेड है और चीजें इसी के ईर्द-गिर्द बुनी जा रही हैं। हालांकि, फिल्म की सही रिलीज डेट तभी पक्की हो सकेगी जब फिल्म नवंबर महीने में फ्लोर पर पहुंच जाए। ऐसा भी हो सकता है कि साल 2025 में मूवी को बनने में थोड़ा वक्त लेगा। लेकिन यशराज फिल्म्स रिपब्लिक डे के मौके पर ही अपनी मूवी रिलीज करना चाहता है।

## सारा ताबड़तोड़ एक्शन कर टाइगर को देंगी टक्कर

सारा अली खान ने फिल्म केदारनाथ से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी और अपनी पहली ही फिल्म से उन्होंने दर्शकों का दिल जीत लिया था। पिछली फिल्म जरा हटके जरा बचके में भी सारा अपना जादू चलाने में सफल रहीं। बहरहाल, उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें से एक की तैयारी में उन्होंने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सारा की जोड़ी टाइगर श्रॉफ के साथ बनी है। रिपोर्ट के मुताबिक, सारा जल्द ही एक एक्शन थ्रिलर फिल्म में टाइगर के साथ नजर आएंगी, जो जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बन रही है। इंडस्ट्री से जुड़े सूत्र ने एंटरटेनमेंट पोर्टल को बताया कि फिल्म में सारा एक ऐसे धाकड़ अवतार में नजर आने वाली हैं, जो अब तक इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला। वह खुद को तैयार करने के लिए क्रू (मिश्रित मार्शल आर्ट) में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण ले रही हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि सारा ने अब तक देसी गर्ल या रोमांटिक किरदार निभाए हैं और उनकी भूमिकाओं को पसंद भी किया गया है, लेकिन टाइगर अभिनीत फिल्म में वह अपने प्रदर्शन और जोरदार एक्शन दृश्यों से सबको हैरान कर देंगी। इसमें उनका एक अलग ही पक्ष देखने को मिलेगा, जो उनके 5 साल के करियर में अब तक देखने को नहीं मिला। अपने




एक्शन से दर्शकों को चौंकाने के लिए सारा ने जी-जान लगा दी है। सारा नहीं चाहतीं कि फिल्म में उनका एक्शन बनावटी लगे। इसे वास्तविक बनाने के लिए वह कड़ी मेहनत कर रही हैं और रोजाना घंटों एक्शन की प्रैक्टिस करती हैं ताकि पर्दे पर टाइगर से कमतर न दिखें। वह किसी को शिकायत का कोई मौका नहीं देना चाहतीं, इसलिए उन्होंने फिल्म में अपने किरदार के लिए कमर कस ली है। वह अपनी फिटनेस और डाइट पर भी खास ध्यान दे रही हैं। सारा को उम्मीद है कि उनकी मेहनत रंग लाएंगी।

इस फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में जहा टाइगर जबरदस्त एक्शन और स्टंट करते दिखेंगे, वहीं सारा भी उनके कदम से कदम मिलाती दिखेंगी। दोनों साथ में दुश्मनों से लोहा लेते दिखेंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म एक मिशन पर आधारित होगी। इस फिल्म का निर्देशन जगन शक्ति कर रहे हैं। इसे दुनियाभर के अलग-अलग देशों में शूट किया जाएगा। इस फिल्म के जरिए पहली बार टाइगर-सारा की जोड़ी दर्शकों के बीच आ रही है। सारा की ऐ वतन मेरे वतन, मर्डर मुबारक और मेट्रो इन दिनों जैसी फिल्में कतार में हैं। उनकी फिल्म जरा हटके जरा बचके 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। सारा को खुद यकीन नहीं था कि यह फिल्म इतनी बढ़िया कमाई करेगी।

# कौड़ियों के भाव टमाटर बेचने को मजबूर किसान

» 250 रुपये किलो बिकने वाला बिक रहा 3 रुपये किलो

**रायपुर/नईदिल्ली,22 सितंबर 2023(ए)।** कुछ महीने पहले तक 250 से 300 रुपये प्रति किलो तक बिकने वाला टमाटर का भाव अब गिरकर 3 रुपये किलो पहुंच गया है। दरअसल, थोक कारोबारी किसान से इसी भाव में टमाटर खरीद रहे हैं। टमाटर के भाव में बड़ी गिरावट आने से किसानों को पैदावार का खर्च निकालना मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा असर महाराष्ट्र, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के किसानों पर हुआ है। इन राज्यों में बंपर पैदावार ने बाजार में टमाटर की सप्लाई बढ़ा दी है। इसके चलते अगस्त में 250 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंचने के बाद अब कीमतें गिरकर 3-10 रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर गई हैं।




### खुदरा बाजार में कीमत 20 रुपये प्रति किलोग्राम

थोक बाजार में जरूर कीमतें गिरकर 3 रुपये प्रति किलो आ गई है लेकिन खुदरा बाजार में अब भी टमाटर 18 से 20 रुपये प्रति किलो बिक रही है। यानी 6 से 8 गुना अधिक भाव पर टमाटर की बिक्री की जा रही है, लेकिन इसका फायदा किसानों को नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि कीमत बढ़ने पर उनको फायदा नहीं मिला क्योंकि जमाखोर या होर्डिंग करने वाले कमाई किए। किसानों का हाथ उस समय भी खाली था और अब भी है।

### सरकार उठा सकती है कदम

टमाटर की कीमत तेजी से गिरने के बाद किसानों की हितों की रक्षा के लिए सरकार कदम उठा सकती है। सरकार उन क्षेत्रों में किसानों से सीधे टमाटर खरीद सकती है, जहां स्थानीय बाजार में भरपूर फसल के कारण कीमतें गिर गई हैं। सूत्रों के अनुसार, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मूल्य स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) का उपयोग उन संकटग्रस्त किसानों को राहत देने के लिए खरीदारी करने के लिए किया जाएगा, जिन्होंने अपनी फसल को मवेशियों के चारे के रूप में डंप करना शुरू कर दिया है, क्योंकि कीमतें कुछ क्षेत्रों में परिवहन लागत को भी कवर नहीं कर रही हैं। राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को देश के अन्य हिस्सों में टमाटर की औसत थोक और खुदरा कीमतें क्रमशः 30 रुपये और 16 रुपये प्रति किलोग्राम के आसपास थीं।



## हथियारों का जखीरा छत्तीसगढ़ पुलिस ने किया बरामद

**जांजगीर-चांपा,22 सितंबर 2023(ए)।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जांजगीर चांपा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. 50 नग चाकू छुरी धारदार हथियार एवं 2 नग एयर पिस्टल पुलिस ने जब्त किए हैं. एडिशनल एसपी अनिल सोनी नें बताया कि जिले के सभी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन शॉपिंग साइट से धारदार व बटन दार चाकू एवं एयर पिस्टल मंगाने वालों से बड़ी मात्रा में चाकू, छुरी और दो पिस्टल जब्त किया गया है. साइबर सेल ने विभिन्न ऑनलाइन शॉपिंग साइट से जानकारी जुटाई थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई. ऑनलाइन शॉपिंग साइट से धारदार हथियार मंगाने वालों पर आगे भी कार्रवाई होगी.

# धान खरीदी पर छिड़ी जुबानी जंग

» मंत्री अमरजीत के बयान पर नेता प्रतिपक्ष चंदेल का हमला,

» कहा-घोषणा क्यों नहीं करते? केंद्र का एक भी पैसा हम धान खरीदी में नहीं लेंगे

**रायपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** धान खरीदी पर मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने तंज कसा है. चंदेल ने कहा, खाद्य मंत्री जी और रविन्द्र चौबे का अलग बयान आता है. यह दोनों बयान अधिकृत नहीं है. खरीदी करना है तो घोषणा कर दें कि, बिना केंद्र सरकार की मदद से खरीदेंगे. घोषणा क्यों नहीं करते? क्या दिक्कत है? केंद्र की ओर क्यों देख रहे हैं? खजाना इतना भरा हुआ है लबलबा रहा है तो



घोषणा करें, केंद्र का एक भी पैसा हम धान खरीदी में नहीं लेंगे. कोई सपोर्ट नहीं लेंगे चौबे जी आज ही घोषणा करें।

आगे नारायण चंदेल ने कांग्रेस की पहली सूची जारी नहीं होने पर भी तंज कसा है. उन्होंने कहा, चुनाव की घोषणा हो जाएगी, लेकिन कांग्रेस की सूची की घोषणा नहीं होगी. कांग्रेस में अंर्तकलह इतना है, आपस में इतनी गुटबाजी है कि चलेगी किसकी इसकी चिंता है. सब अपने-अपने लोगों को टिकट दिलाने में व्यस्त है। वहीं बीजेपी की बैठक को लेकर नारायण चंदेल ने कहा, बैठक में परिवर्तन यात्रा की समीक्षा की जा रही है. प्रधानमंत्री का दौरा होने वाला है, उसकी तैयारी को लेकर बातचीत की जाएगी। 7 दिन जशपुर की यात्रा की अगुवाई की. परिवर्तन यात्रा को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। बरसते पानी में भी लोग स्वागत करने के लिए खड़े हैं. यह इस बात का संकेत है कि, लोग सरकार से छुटकारा पाना चाहते हैं. छत्तीसगढ़ में जनता भाजपा की सरकार बनाना चाह रही है।



## प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से डीआरजी जवान घायल

**बीजापुर,22 सितंबर 2023(ए)।** प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने को है और प्रदेश के नक्सली क्षेत्र में नक्सली सक्रिय नजर आ रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि प्रेशर आईईडी फटने से एक आरक्षक घायल हो गया।

आनन फानन में आरक्षक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल आरक्षक का नाम सन्नू हेमला है। जो डीआरजी जवानों के साथ दूरधा जंगल में सर्चिंग के लिए निकले हुए थे। इसी दोरान आईईडी में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# आबकारी मंत्री कवासी लखमा का बड़ा बयान कहा-प्रदेश में कभी नहीं होगी शराबबंदी

**रायपुर ,22 सितंबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री कवासी लखमा का शराबबंदी को लेकर बड़ा बयान सामने आया है.। उन्होंने कहा कि पांच साल से मैं सरकार में मंत्री हूं। जहां भी जाता हूं, मुझे शराब दुकान खोलने के लिए आवेदन मिलते है. शराब दुकान बंद करने एक भी आवेदन नहीं मिला है। प्रदेश में शराबबंदी कभी नहीं होगी।

कवासी लखमा ने मीडिया से चर्चा में शराबबंदी नहीं हो पाने की वजह बताते हुए कहा कि कोरोना काल के दौरान 2 महीने के लिए शराब दुकान बंद कर दिया था, जिसकी वजह से दूसरी शराब पीने से रायपुर और बिलासपुर में 6-6 लोगों की मौत हुई थी. बिहार में शराबबंदी है, जहां 400 आदिवासी गरीब लोग जेल में बंद हैं।



उन्होंने कहा कि जिस दिन छत्तीसगढ़ में दारू बंद होगा, बड़े लोग बिहार-झारखंड से ले आएंगे. गुजरात में घर में पहुंचाकर दारू दिया जा रहा है. यहां भी बड़े लोग यूपी से लाएंगे, आंध्र से लाएंगे. कौन जेल जाएगा, गरीब आदमी पैसा नहीं पटाता है, तहसीलदार से बात नहीं करता, थानेदार बात नहीं सुनता है. हमको ऐसा राजनीति नहीं चाहिए, जिसमें गरीब जेल जाए. और दूसरा दारू पीकर मरना. हमको ये पसंद नहीं है।

कवासी लखमा ने कहा कि हमारे घोषणा पत्र में शराबबंदी था. हम लोग बोल नहीं रहे हैं. सारे मुद्दों की समीक्षा जनता करती है. भाजपा ने भी 15 लाख देने की बात कही थी, 2 करोड़ को रोजगार देने की बात कही थी, दिया क्या. 35 रुपए डीजल देने की बात कहकर सौ से ऊपर कर दिया. गैस सिलेंडर की कीमत 400 रुपए थी हमारे शासनकाल, आज 12 सौ कर दिया।

# सीएम बघेल ने 26 सितंबर को बुलाई कैबिनेट बैठक

» इन मुद्दों पर किया जा सकता है फैसला

**रायपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** सीएम भूपेश बघेल ने 26 सितंबर को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बैठक 12 बजे से सीएम हाउस में होगी। इस बैठक में न्याय योजना का तीसरी किस्त का भुगतान का फैसला किया जा सकता है। सीएम बघेल ने राजीव न्याय योजना की तीसरी किश्त का भुगतान इसी माह करने की घोषणा की थी। इसके अलावा महिला समृद्धि सम्मेलन में बेरोजगारी भत्ता की एक किश्त जल्द जारी करने का ऐलान किया था। कैबिनेट में दोनों प्रस्ताव पर मुहर लग सकती है।

स बैठक के लिए सीएस अमिताभ जैन ने सभी सचिवों से प्रस्ताव 25 की शाम तक मांगा है। बैठक में धान खरीदी और कस्टम मिलिंग नीति पर मुहर लगने के संकेत हैं। इस बार खरीदी 1 नवंबर से शुरू होगी।



खरीदी दर बढ़ाने का फैसला हो सकता है।

वहीं 40 हजार संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण, पिंगुवा कमेटी की रिपोर्ट जैसे कर्मचारियों के मामले भी आ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि अक्टूबर में आचार संहिता लगने से पहले कैबिनेट की एक बैठक और हो सकती है। आचार संहिता 5 अक्टूबर के बाद किसी भी दिन लगने के संकेत हैं।

# संविदा कर्मचारी नियमितिकरण की मांग को लेकर करेंगे प्रदर्शन

### वादों की निकाली जाएगी बारात

**रायपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** प्रदेश भर के संविदा कर्मचारियों ने फिर एक बार सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 23 और 24 सितंबर को संविदा कर्मचारी सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। बढ़े हुए नियमितिकरण की मांग को लेकर इस दौरान बाजे गाजे के साथ सरकार के वादों की बारात निकाली जाएगी। छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले प्रदेश भर के संविदा कर्मचारी फिर आंदोलन करने जा रहे हैं। अपनी नियमितिकरण की मांग को लेकर 23 और 24 सितंबर को संविदा कर्मचारी सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश भर के 45 हजार संविदा कर्मचारी नया रायपुर के तूता धरनास्थल पर सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

अनोखा होगा संविदा कर्मचारियों का प्रदर्शनः इस बार संविदा कर्मचारियों अनोखे तरीके से यह प्रदर्शन करने जा




रहे है. नियमितीकरण संग धोखा करने को दर्शाते हुए वादों की शादी कराकर बाजे गाजे के साथ बारात निकाली जाएगी. इस प्रदर्शन में प्रदेश भर के 45000 संविदा कर्मचारी शामिल होंगे·

इससे पहले प्रदेश के संविदा कर्मचारी नियमितीकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई से 2 अगस्त तक एक महीने लगातार प्रदर्शन कर चुके हैं।

जुलाई महीने में संविदा कर्मचारी प्रदर्शन के दौरान 2 अगस्त को मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के बाद अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिए थे। सरकार ने अनुपूरक बजट सत्र में संविदा कर्मचारियों के वेतन में 27 प्रतिशत वृद्धि करने की घोषणा की थी. जिसके बाद संविदा कर्मचारियों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया था। लेकिन डेढ़ महीने बीतने के बाद भी वेतन में 27 फीसदी बढ़ी राशि प्रदेश के अधिकांश संविदा कर्मचारियों को नहीं मिली है। जिसको लेकर संविदा कर्मचारियों में नाराजगी देखने को मिल रहा है। इसके विरोध में फिर एक बार संविदा कर्मचारी 2 दिवसीय प्रदर्शन करेंगे।

## पलाश चंदेल को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

» दुष्कर्म समेत सभी आरोप खारिज

**बिलासपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल को उच्च न्यायालय से बड़ी राहत मिली है। जांच रिपोर्ट के बाद हाईकोर्ट ने पलाश पर लगे दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट समेत कई आरोपों को खारिज कर दिया है। मामले में जस्टिस राकेश मोहन पांडेय की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया है। यह मामला आदिवासी महिला से दुष्कर्म की शिकायत का है।



### ये है पूरा मामला

दरअसल, 19 जनवरी को जांजगीर में कार्यरत एक आदिवासी महिला ने नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के बेटे पलाश चंदेल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया था और रायपुर के महिला थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। जांजगीर चांपा निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि पलाश और पीड़िता की दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी। 2018 के बाद दोनों के बीच दोस्ती और गहरी हुई। आरोप है कि इसके बाद पलाश ने शादी का झांसा देकर पीड़िता से लगातार संबंध बनाए। यह भी आरोप है कि वर्ष 2021 में जब पीड़िता गर्भवती हो गई तो गर्भपात की दवा देकर उसके बच्चे का गर्भपात करा दिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी बढ़ गई। फिर पीड़िता ने पलाश के खिलाफ शिकायत की। मामला जांजगीर चांपा का होने के कारण पलाश चंदेल के खिलाफ रायपुर में जीरो एफआईआर दर्ज की गई थी और रायपुर पुलिस ने जांजगीर चांपा पुलिस को केस भेज दिया था।

इस मामले में 23 अगस्त को सुनवाई पूरी हुई थी। फैसले को सुरक्षित रखा गया था। अब हाईकोर्ट ने इस मामले की एफआईआर और जांच निरस्त करने का आदेश जारी किया है।

# बीएसपी में सुरक्षाकर्मियों पर बंदूक टिकाकर लाखों रुपए के कॉपर की लूट

**भिलाई,22 सितंबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में स्थित भिलाई स्टील प्लांट के पीसीबी प्लांट में 6 से 7 हथियारबंद बदमाशों ने रात के समय धावा बोल दिया। बंदमाशों ने 5 निजी सुरक्षा कर्मियों पर बंदूक टिकाकर करीब 3 लाख रुपए का तांबा लेकर फरार हो गए। घटना 18 सितंबर की है। मामले की शिकायत भिलाई स्टील प्लांट की ओर से पुलिस अधीक्षक दुर्ग से की गई है।

बताया जा रहा है कि, रात करीब साढ़े 3 बजे के 6-7 बदमाश बंदूक और लोहे की रॉड के साथ बाउंड्रीवाल फांदकर भिलाई-3 के नजदीक स्टोर




पारा पुरैना स्थित पीसीबी प्लांट परिसर में घुसे। प्लांट में उस समय 5 निजी सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर थे। बदमाशों ने सुरक्षा गार्डो पर बंदूक टिकाकर धमकाया। उन्हें बंधक बनाकर दरवाजों के ताले और शीशे तोड़ने शुरू किया। आखिर में बदमाश उस कमरे में पहुंचे जहां लगभग 300 से 400 किलोग्राम तांबा रखा हुआ था। बदमाश पूरा तांबा अपने साथ लेकर फरार हो गए। इस घटना की शिकायत बुधवार को भिलाई थाना में की गई। बीएसपी प्लांट में चोरी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए बीएसपी प्रबंधन ने 24 घंटे निगरानी के लिए नवंबर 2022 से निजी सुरक्षा गार्ड तैनात किए हैं।

## एसबीआई की मुख्य शाखा में लगी भीषण आग



**दुर्ग,22 सितंबर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य शाखा में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई है। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की 3 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई है। घटना भिलाई के सेक्टर वन की है। बताया जा रहा है कि, आज सुबह भिलाई के सेक्टर वन स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मेन ब्रांच में भीषण आग लगी। बैंक के फर्स्ट फ्लोर में कम्प्यूटर रूम में आग लगी है। भिलाई इस्पात संयंत्र की 3 गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हुई है। 20 से अधिक दमकल कर्मी और बैंक के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## आत्मानंद स्कूल के बच्चों से भरी वैन में लगी आग, झुलस गए बच्चे

**तखतपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** बिलासपुर जिले के तखतपुर में शुक्रवार सुबह स्कूली बच्चों से भरी चलती वैन में अचानक आग लग गई। इससे वैन में सवार कुछ बच्चे झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद वैन का ड्राइवर फरार हो गया। हादसा तखतपुर में ताम्रकार ज्वेलर्स के समीप हुआ। मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, आज सुबह करीब 10 बजे मारुति वैन क्रमांक सीजी 10 एफ़ए 2145 छह बच्चों को स्वामी आत्मानंद स्कूल लेकर जा रही थी। तभी तखतपुर मेन रोड में चलती वैन में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी और बच्चों को बाहर निकालने लगा। इस दौरान कुछ बच्चे आग में झुलस गए। वहीं वेन के अंदर का हिस्सा पूरी तरह से जल गया है।

इस घटना के बाद ड्राइवर वैन छोड़कर भाग निकला। वैन में आग देखकर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। उन्होंने झुलसे बच्चों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, बाकी के बच्चे अपने-अपने घर चले गए। इस घटना के बाद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि, पेट्रोल पाइप फटने के बाद वैन में आग लगी। इसके चलते आग की लपटें तेजी से फैलने लगी। आग ज्यादा भड़कती और बच्चे वैन में फंस सकते थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

# अब मोबाइल एप से खरीदें ट्रेन की जनरल टिकट,लाईन लगाने की समस्या खत्म

### पेपरलेस, समय की बचत

**रायपुर,22 सितंबर 2023(ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयासरत है । इस श्रृंखला में ऑनलाइन टिकटिंग सुविधा के बाद मोबाइल से ऐप द्वारा जनरल टिकट खरीदने की सुविधा यात्रियों को दी गई है । इस सुविधा से यात्रियों को स्टेशन पर आकार टिकट काउंटर से लाइन में खड़े होकर टिकट खरीदने की बाध्यता समाप्त हो गई है । इस यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप को यात्रियो का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है एवं दिनों-दिन इस सुविधा के उपयोग करने वाले यात्रियों की संख्या में वृद्धि हो रही है । यात्रियों को टिकट काउण्टरों में लगने वाली लाइनों से निजात दिलाने, शीघ्र टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से घर बैठे यात्रा टिकट बुकिंग के साथ साथ सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने हेतु यूटीएस मोबाइल ऐप की सुविधा प्रदान की गई है । यात्री अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे आसानी के साथ त्वरित अनारक्षित टिकट



बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इस मोबाइल ऐप के माध्यम से प्लेटफॉर्म टिकट भी प्राप्त किये जा सकते हैं । उल्लेखनीय है कि स्टेशन से दूर रहने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसके दायरे को बढ़ाकर 25 किमी भी कर दिया गया है, अर्थात यात्रीगण स्टेशन से 25 किमी की दूरी से भी इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कर सकते हैं । इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल' 2023 से सितंबर' 2023 तक कुल आरक्षित टिकटों की बूकिंग में 80 प्रतिशत से भी अधिक मोबाइल टिकटिंग से बुक किए गए । इसी प्रकार इसी समान अवधि में लगभग 15 लाख से भी अधिक रेल यात्रियों ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के द्वारा अनारक्षित टिकट की खरीदी कर यात्रा की ।

रेलवे प्रशासन यात्रियों से आग्रह करता है कि त्वरित घर बैठे आसानी से इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुकिंग तथा सीजन टिकट(एमएसटी) जारी व नवीनीकरण कराने की इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठावें ।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)